पुलिस कप्तान के निर्देश पर क्षेत्र में अपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने कार्यवाही

## रात्रि गश्त में सदल बल निकली पुलिस टीम जुआरियों व सटोरियों पर की गई कार्यवाही

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

कुठला एवं रंगनाथ पुलिस ने क्षेत्र में अपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए रात्रि गश्त किया। कुठला पुलिस ने रात्रि गश्त के दौरान अवैध शराब, सट्टा के ठिकाने में छापामार कार्रवाई करने के साथ ही हथियार लेकर घूमते हुए पाए जाने पर एक आरोपी को गिरफ्तार किया। पुलिस ने पहलवान ढाबा के पास शाहनगर रोड़ से लोहे का तबवार नुमा चाकू लिए एक व्यक्ति मोहित पटेल पिता दलपत पटेल निवासी इन्द्रानगर थाना कुठला को गिरफ्तार किया।

कुठला थाना प्रभारी अभिषेक चौबे ने बताया कि पुलिस की कार्यवाही यहाँ रुकी नही और सट्टा पर्ची लिखते हुए एक वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हुआ था। मुखबिर से कुठला पुलिस को सूचना मिली की गोपाल चौधरी नाम का व्यक्ति गल्ला मण्डी के पास सट्टा पट्टी लिख रहा है जो थाना प्रभारी कुठला अभिषेक चौबे द्वारा तत्काल



प्रधान आरक्षक रामाश्रय सिंह एवं आर. विनोद मार्को द्वारा गवाहो के साथ सूचना वाले स्थान पर पहुँचे जहाँ पर आरोपी को घेराबंदी कर पकडा गया। जिससे नाम पता पूंछने पर अपना नाम गोपाल चौधरी पिता किशना चौधरी निवासी चाका थाना कुठला का होना बताया। गोपाल चौधरी के कब्जे से नगदी रकम 980 रुपये सट्टा पर्ची एवं पेन मिले जिसे मौके पर जप्त किया गया। आरोपी के खिलाफ धारा 4(क) सट्टा एक्ट के तहत पंजीबद्ध किया गया। इसके अलावा पुलिस चौकी बस स्टैण्ड क्षेत्र में आरोपी शंकर अहिरवार पिता राजू अहिरवार निवासी नदी पार के पास से सट्टा पर्ची पेन एवं नगदी 1170 रुपये जप्त किये जाकर धारा 4(क) सट्टा एक्ट के तहत कार्यवाही की गई है ।

तत्पश्चात ग्राम टिकरवारा रोड़ से आरोपिया रानी बाई पति मंगलेश्वर निवासी टिकरवारा के कब्जे से 26 पाव देशी लाल के जप्त कर आरोपिया के विरुद्ध धारा 34(ए) आवकारी एक्ट के तहत कार्यवाही की गई है एवं चौकी बिलहरी क्षेत्र में भी आरोपी छोटे सिंह पिता स्व.तेजी सिंह उम्र 52 साल निवासी घुघरा थाना कुठला जिला कटनी एवं राममिलन महोबिया पिता कालूराम महोबिया उम्र 61 साल निवासी मुरावाल थाना कुठला जिला कटनी के कब्जे से 5 – 5 लीटर देशी हाथ भट्टी की शराब जप्त कर धारा 34(ए) आवकारी एक्ट के तहत कार्यवाही की गई है। कुठला थाना प्रभारी अभिषेक चौबे ने कहा की पुलिस का अभियान आगे भी जारी रहेगा।

रंगनाथ नगर थाना प्रभारी नवीन नामदेव के नेतृत्व में थाने का बल देर शाम थाना क्षेत्र में पैदल मार्च निकाला। पुलिस बल ने अवैध शराब विक्रय करते दो लोगों को गिरफ्तार किया तो इसके साथ ही एक जगह पर कार्यवाही करके चार लोगों को रंगे हाथों जुआ खेलते पकड़ने में सफलता प्राप्त की। थाना प्रभारी ने बताया कि पुलिस अधीक्षक अभिजीत कुमार रंजन के द्वारा अपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए दिशा निर्देश दिए गए हैं।



## सभी व्यस्क व्यक्तियों को लगेगा बीसीजी का टीका

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

टीबी मुक्त भारत अभियान के अन्तर्गत जिले में 01 फरवरी से 15 मार्च 2024 तक व्यस्क बीसीजी वैक्सीनेशन अभियान संचालित होगा। अभियान के अन्तर्गत बीसीजी का टीका 18 वर्ष या उससे अधिक उम्र के लोग, जिन लोगों को पिछले पांच वर्षों में एक बार भी टीबी हुई हो, 60 वर्ष और उससे अधिक के बुजुर्ग, धूम्रपान करने वाले लोग, पिछले तीन साल के टीबी रोगियों के संपर्क में आने वाले लोगों का टीकाकरण किया जाएगा। टीकाकरण स्वेच्छा के आधार पर ही होगा। अभियान के सफल संचालन को लेकर कलेक्टर श्री प्रसाद ने बुधवार को जिला टॉस्क फोर्स की कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में बैठक लेकर अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

कलेक्टर ने कहा कि टीबी हारेगा ओर देश जीतेगा की तर्ज पर जिले को टीबी मुक्त बनाने के उद्देश्य के साथ ही स्वास्थ्य विभाग का मैदानी अमला कार्य करते हुए वयस्क बीसीजी वैक्सीनेशन अभियान का सफल बनाएं। जिन लोगों को पिछले 05 वर्षा में टीबी हुई है उनको और उनके सम्पर्क में आने वाले व्यक्तियों, बीड़ी, तम्बाकू का सेवन करने वाले व्यक्तियों को पूर्व से चिन्हित कर उनका वैक्सीनेशन किया जाए।

**खबर संक्षेप**

### दो दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन 11 एवं 12 जनवरी को

**कटनी।** कलेक्टर अवि प्रसाद के निर्देश पर जिले में दो दिवसीय रोजगार, स्वरोजगार मेले का आयोजन किये जानें के निर्देश दिए है। यह रोजगार मेला 11 जनवरी को दोपहर 12 बजे से कैलवारा कला कटनी में तथा 12 जनवरी को दोपहर 12 बजे से ग्राम जुहला में आयोजित किया जाना प्रस्तावित है। जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र की महाप्रबंधक द्वारा आयुक्त नगर निगम, समस्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत, डीपीएम, एन०आर०एल०एम०, परियोजना अधिकारी एनयूएलएम, प्रबंधक खादी एवं ग्रामोद्योग विभाग, अग्रणी जिला प्रबंधक, भारतीय स्टेट बैंक, उप संचालक, उद्यानिकी विभाग, जिला संयोजक, आदिम जाति एवं कल्याण विभाग, जिला अत्यव्यवसायी वित्त निगम, सहायक संचालक, मत्स्य विभाग, उप संचालक, पिछडा वर्ग एवं अल्पसंख्यक वित्त विकास निगम तथा समस्त बैक शाखाओं के शाखा प्रबंधकों को विभाग अंतर्गत शासन द्वारा संचालित विभिन्न रोजगार स्वरोजगार शिविर का आयोजन करने हेतु पत्र प्रेषित किया गया है। आयोजित शिविर, मेले में प्रधानमंत्री जी की मंशानुसार युवाओं के साथ -साथ महिला सशक्तिकरण को केन्द्रि कर कार्यक्रम आयोजित करने तथा शिविर, मेले के दौरान विभागीय स्टॉल लगाकर संचालित हितग्राही मूलक योजनाओं के प्रकरणों में हितलाभ वितरण करनें की कार्यवाही सुनिश्चित करनें कहा है।

### गणतंत्र दिवस की तैयारियों को लेकर बैठक कल

**कटनी।** प्रतिवर्षानसुार इस वर्ष भी गणतंत्र दिवस मुख्य समारोह कार्यक्रम का आयोजन 26 जनवरी को किया जाना है। कार्यक्रम को सफल एवं सुचारू से मनाये जाने हेतु कार्यक्रम की रूपरेखा व व्यवस्थाओं की तैयारियों हेतु शुक्रवार 12 जनवरी को शाम 4 बजे से कलेक्ट्रेट स्थित नवीन सभाकक्ष में विभागीय अधिकारियों की बैठक आयोजित की गई है। डिप्टी कलेक्टर प्रमोद चतुर्वेदी द्वारा जिले के संबंधित विभागीय अधिकारियों से बैठक से उपस्थित होनें का आग्रह किया गया है।

### सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं परेड अभ्यास के निर्देश

**कटनी।** गणतंत्र दिवस के अवसर पर 26 जनवरी को मुख्य कार्यक्रम समारोह में सांस्कृतिक कार्यक्रम तथा परेड कार्यक्रम का आयोजन किया जाना है। अपर कलेक्टर श्रीमती साधना परस्ते द्वारा जिला शिक्षा अधिकारी पी.पी.सिह को सांस्कृतिक कार्यक्रमों का चयन कर अभ्यास प्रारंभ करनें तथा रक्षित निरीक्षक को पूर्व वर्ष की भांति इस वर्ष भी परेड से संबंधित विभाग के कार्यक्रम प्रमुखों से समन्वय स्थापित कर 15 जनवरी से प्रातः 9 बजे से 11 बजे एवं आवश्यकता होने पर सांय समय भी परेड का अभ्यास प्रारंभ करने हेतु निर्देशित किया गया है।

### एसपी ने अधिकारियों की बैठक लेकर दिये निर्देश



**कटनी।** पुलिस अधीक्षक अभिजीत रंजन द्वारा बुधवार को पुलिस कार्यालय से समस्त राजपत्रित पुलिस अधिकारियों एवं थाना एवं चौकी प्रभारियों की वर्चुअल मीटिंग ली गई। मीटिंग में पुलिस अधीक्षक द्वारा लंबित सीएम हेल्पलाइन का संतुष्टिप्रद निराकरण, थानों का युक्तियुक्तकरण के संबंध में की गई कार्यवाही, अवैध रेत परिवहन रोकने, मांस की खुली बिक्री नहीं होने देने, सीमा में लाउडस्पीकर का प्रयोग सुनिश्चित करने के संबंध में अब तक की गई कार्रवाई की समीक्षा की गई। एवं निर्देश दिए गए की किसी भी स्थिति में मांस मछली की खुली बिक्री नहीं हो एवं धार्मिक स्थलों पर ध्वानि विस्तारक यंत्रों का निश्चित सीमा में उपयोग सुनिश्चित हो। वर्चुअल मीटिंग में जिले के समस्त राजपत्रित अधिकारी एवं थाना, चौकी प्रभारी उपस्थित रहे।

*21 ग्रामों को 8 थानो में युक्तियुक्तकरण का किया प्रस्ताव*

## थानों की सीमा के युक्तियुक्तकरण को लेकर बैठक का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

मुख्यमंत्री द्वारा पुलिस थानों की सीमाओं के युक्तियुक्तकरण करने के दिए निर्देश के बाद कटनी जिले में प्रत्येक अनुविभाग स्तर पर जनप्रतिनिधियों की विशेष मौजूदगी में आयोजित बैठक के बाद प्रारंभिक तौर पर 21 ग्रामों को नागरिकों की सुविधा की दृष्टि से 8 पुलिस थानों में युक्तियुक्तकरण किया जाना प्रस्तावित किया गया है। आमजन इससे संबंधित लिखित आपत्ति पुलिस अधीक्षक कटनी के कार्यालय में 12 जनवरी की शाम 5 बजे तक दे सकते है।

अनुविभाग स्तर पर आयोजित बैठकों मे वर्तमान पुलिस थाना विजयराघवगढ़ में शामिल ग्राम कन्हवारा, ग्राम पिपरहटा, खमतरा, पौंडी पडरिया, को पुलिस थाना कुठला में सम्मिलित किया जाना प्रस्तावित किया गया है। वहीं वर्तमान पुलिस थाना विजयराघवगढ़ में शामिल ग्राम चपना, दडौरी को पुलिस थाना बरही और वर्तमान पुलिस थाना उमरियापान में शामिल ग्राम मुरवारी और गनियारी को पुलिस थाना ढीमरखेड़ा में सम्मिलित करने का प्रस्ताव प्राप्त हुआ है। इसके अलावा वर्तमान पुलिस थाना एन.के.जे में शामिल ग्राम अनगवां एवं मनेहरी को पुलिस थाना बड़वारा और वर्तमान कुठला पुलिस थाना में शामिल पुलिस चौकी बस स्टेण्ड को कोतवाली पुलिस थाना में सम्मिलित करने का प्रस्ताव अनुविभाग स्तरीय बैठक में प्राप्त हुआ है।

इसी प्रकार वर्तमान पुलिस थाना कोतवाली में शामिल तिलियन पार ग्राम को पुलिस थाना कुठला में और वर्तमान पुलिस थाना कुठला में शामिल नगर निगम के इंदिरा गांधी वार्ड और राम मनोहर लोहिया वार्ड को पुलिस थाना कोतवाली में सम्मिलित करने का प्रस्ताव है। इसके अलावा वर्तमान पुलिस थाना रंगनाथ नगर में शामिल औद्योगिक क्षेत्र बरगवां को पुलिस थाना माधवनगर में तथा वर्तमान पुलिस थाना कैमोर में शामिल सिमरिया गांव को विजयराघवगढ़ पुलिस थाना में तथा वर्तमान बड़वारा पुलिस थाना में शामिल ग्राम दडौरी को एन.के.जे पुलिस थाना में तथा वर्तमान पुलिस थाना बरही में शामिल ग्राम पिपरा, चोरा कनेरा, चोरी एवं बकेली को विजयराघवगढ़ पुलिस थाना में शामिल कर युक्तियुक्तकरण करनें का प्रस्ताव प्राप्त हुआ है।

जनप्रतिनिधियों, राजस्व एवं पुलिस अधिकारियों के साथ बैठक में हुई चर्चा के बाद थानों की सीमा और अधिकार क्षेत्र के युक्तियुक्तकरण से संबंधित प्राप्त आपत्तियों के बाद 13 जनवरी को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में इससे संबंधित बैठक का आयोजन किया गया है।

## जिला स्तरीय निबंध प्रतियोगिता का हुआ आयोजन



शासकीय तिलक स्नातकोत्तर महाविद्यालय कटनी में बुधवार को जिला स्तरीय निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में 13 महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने वोट जैसा कुछ नहीं वोट जरुर डालेंगे हम थीम पर अपने–अपने विचार लिखे। विद्यार्थियों ने मतदाता के महत्व को विस्तार से रेखांकित किये। सभी नागरिकों को इस दिन अपने राष्ट्र के प्रति चुनाव प्रक्रिया में भागीदारी की शपथ लेनी चाहिए क्योंकि प्रत्येक नागरिक का वोट ही देश के भावी भविष्य की नींव रखता है। प्रथम स्थान संतोष कुमारी शासकीय स्वामी विवेकानंद महाविद्यालय स्लीमनाबाद, द्वितीय स्थान मामू कुशवाहा बारडोली बीएड महाविद्यालय कटनी, तृतीय स्थान पंकज कुमार गडारी, शासकीय महाविद्यालय सिलौडी एवं साक्षी श्रीवास्तव नालंदा वाणिज्य एवं कला महाविद्यालय कटनी को प्राप्त हुआ। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर सुधीर कुमार खरे ने सभी को बधाई दी।

## छात्रों को नील हरित काई एवं मिट्टी के प्रकारों का दिया गया प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

शासकीय तिलक स्नातकोत्तर महाविद्यालय कटनी में कम लागत तकनीकी से अधिक उत्पादन प्राप्त करने तथा जैविक खेती से स्वरोजगार स्थापित करने के लिए मध्य प्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग द्वारा व्यावसायिक शिक्षा के अंतर्गत प्राचार्य डॉक्टर सुधीर खरे के मार्गदर्शन एवं प्रशिक्षण समन्वयक डॉक्टर व्ही के द्विवेदी के सहयोग से जैविक कृषि विशेषज्ञ रामसुख दुबे द्वारा विद्यार्थियों को जैविक खेती का प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

प्रशिक्षण के क्रम में नील हरित काई का निर्माण एवं फसलों में उपयोग की जानकारी दी गई। नील हरित काई सूक्ष्म जीवाणुओं का समूह है सूक्ष्म जीवाणु द्वारा वायुमंडलीय नाइट्रोजन को धान की फसल में स्थिरीकरण करने से एक तिहाई नाइट्रोजन की मात्रा कम देना पड़ता है तथा उत्पादन में 14 से 20 प्रतिशत की वृद्धि होती है। खेत में धान का रोपा लगाने से एक सप्ताह बाद 10 किलो प्रति हेक्टर नील हरित काई देने से 20 से 25 किलो नाइट्रोजन की पूर्ति होती है। खेत में तीन से चार



इंच पानी होना आवश्यक है।

फरवरी से जून माह में जब तापक्रम 30 से 45 डिग्री सेंटीग्रेड हो बतलाई गई तकनीकी विधि से नील हरित काई का उत्पादन किया जा सकता है। मिट्टी के प्रकारों के अंतर्गत दोमट जलोढ़ मिट्टी काली मिट्टी लाल मिट्टी पीली मिट्टी लेट राइट मिट्टी पर्वतीय मिट्टी शुष्क एवं मरुस्थलीय मिट्टी लवणीय मिट्टी या क्षारीय मिट्टी मिट्टी जैविक मिट्टी या पीत मिट्टी तथा जंगली मिट्टी वा पर्वतीय मिट्टी की जानकारी विभिन्न प्रदेशों में पाई जाने वाली मिट्टी उनमें पाए जाने वाले पोषक तत्व तथा फसल उत्पादन की जानकारी दी गई।

*राज्य स्तरीय कार्यक्रम का किया गया सीधा प्रसारण*

## जिले की 2 लाख 47 हजार 311 लाड़ली बहनों के खातों में राशि की गई अंतरित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने बुधवार को जिले की 2 लाख 47 हजार 311 लाड़ली बहनों के बैंक खातों में माह जनवरी 2024 की किश्त की राशि 23.98 करोड़ रूपये सिंगल क्लिक से अंतरित की। इस अवसर पर जिले भर में उत्सवी माहौल में विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जिला स्तरीय मुख्य कार्यक्रम का आयोजन जनपद पंचायत कटनी के द्वारिका भवन में किया गया।

इस अवसर पर महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी, कटनी विकास प्राधिकरण अध्यक्ष पीताम्बर टोपनानी, भाजपा जिलाध्यक्ष दीपक टंडन सोनी, नगर निगम अध्यक्ष



मनीष पाठक, भाजपा नेता सुनील उपाध्याय, निगमायुक्त विनोद कुमार शुक्ल, महिला एवं बाल विकास अधिकारी वन श्री कुर्वेती सहित अन्य जिलाधिकारी सहित योजना की हितग्राही, लाड़ली बहनों के साथ लाड़ली बहना सेना, शौर्यदल के सदस्य सहित गणमान्य जनों की उपस्थित रही। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित जनों द्वारा मुख्यमंत्री जी के कार्यक्रम के लाइव प्रसारण को देखा व सुना गया।

जिले के नगरीय निकायों, नगरीय निकाय वार्ड, पंचायत एवं आंगनबाड़ी केन्द्रों पर बुधवार को मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना के अंतर्गत किश्त अंतरित का कार्यक्रम आयोजित किया गया। माह जनवरी की किश्त में जिले जिले की 2 लाख 47 हजार 311 महिलाओं को 23 करोड 98 लाख रूपये जारी की गई। विदित हो कि कटनी मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना के अंतर्गत जिले में माह जून 2023 से दिसंबर 2023 कुल पात्र 2 लाख 47 हजार 311 महिला हितग्राहियों को 194.58 करोड रूपये की राशि हितग्राहियों के खाते में अंतरित की जा चुकी है।

लाड़ली बहनों के बैंक खातों में माह जनवरी की किश्त के अंतरण के राज्य स्तरीय कार्यक्रम को नगर के समस्त वार्डो में उत्सवी माहौल में विविध कार्यक्रमों के साथ आयोजित किया गया।

इस दौरान उपस्थित जनों द्वारा राज्य स्तरीय कार्यक्रम का सीधा प्रसारण देखा व सुना।

सांसद हिमाद्री सिंह ने किया लोकार्पण, सराहनीय पहल की प्रशंसा

## जपं ढीमरखेड़ा में दिव्यांगजनों को मिलेगी निःशुल्क भोजन की सुविधा





हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

जनपद पंचायत ढीमरखेड़ा में शासकीय कार्य हेतु आने वाले दिव्यांगजनों को निःशुल्क भोजन की सुविधा उपलब्ध करानें के उद्देश्य से प्रारंभ की गई सुविधा का बुधवार को शहडोल सांसद श्रीमती हिमांद्री सिंह लोकार्पण किया। सांसद श्रीमती हिमांद्री सिंह नें दिव्यांगजनों की सेवा हेतु प्रारंभ की गई इस सुविधा की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए कहा कि मानव सेवा ही हरि सेवा है। दिव्यांगजनों हेतु प्रारंभ की गई इस निःशुल्क भोजन सुविधा के व्यवस्थापक मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत ढीमरखेडा होंगें। इस हेतु अनिल कोल एवं एवं विनोद मेहर से संपर्क किया जा सकता है।

इस दौरान जनपद अध्यक्ष सुनीता संतोष दुबे, सांसद प्रतिनिधि पद्मेश गौतम, मंडल अध्यक्ष प्रशांत राय, छोटू सिह, हर्ष द्विवेदी, प्रकाश बागरी, अनिल बागरी सहित जनपद सीईओ यजुवेन्द्र कोरी, ए.पी.ओ डॉ अजीत सिंह, के.पी.परौहा, दीपक रंगडले, जमन सिंह राजपूत सहित अन्य अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति रही।

### अभियान में शामिल हुई

प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महाअभियान'' के तहत विशेष पिछड़ी जनजातियों को शसकीय योजनाओं से लाभान्वित किये जाने हेतु आयोजित किये जा रहे शिविरों के अंतर्गत बुधवार को ढीमरखेड़ा के ग्राम दियागढ़ में आयोजित शिविर में सांसद श्रीमती हिमाद्री सिंह नें शिरकत की।

सभा को सम्बोधित करते हुए सांसद हिमाद्री सिंह ने जनजातीय वीरों के आजादी में दिये गए योगदान पर प्रकाश डाला। इस दौरान उन्होेनें केन्द्र सरकार के माध्यम से संचालित की जानें वाली योजनाओं की जानकारी प्रदान करते हुए हितग्राहियों से योजनओं का लाभ प्राप्त करनें की अपील की गई।

## अनियमितता मिलने पर केन्द्र प्रभारी को नोटिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 के अंतर्गत जिले में संचालित उपार्जन केन्द्रों में किसानों से समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन का कार्य किया जा रहा है। कलेक्टर श्री अवि प्रसाद को विगत दिनों विकासखण्ड बहोरीबंद अंतर्गत संचालित धान उपार्जन केन्द्र सलैया पटोरी के केन्द्र प्रभारी का एक कथित ऑडियो वायरल हुआ जिसमें केन्द्र प्रभारी द्वारा उपार्जन नीति में उल्लेखित प्रावधानों के विपरीत वार्तालाप किये जाने एवं अन्य अनियमितताओं का मामला प्रकाश में आने पर जिला आपूर्ति अधिकारी को प्रकरण की जांच के निर्देश दिए गए। जिला आपूर्ति अधिकारी बालेन्द्र शुक्ला ने जानकारी देते हुए बताया कि कलेक्टर अवि प्रसाद के निर्देशानुसार नायब तहसीलदार बाकल आदित्य द्विवेदी एवं कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी बहोरीबंद पियूष कुमार शुक्ल द्वारा संयुक्त रूप से मौके पर जाकर किसानों के समक्ष जांच की गई। जांच के दौरान 8 जनवरी को रात्रि में धान की तौल बन्द पाई गई एवं केन्द्र पर कोई बिचौलिये एवं व्यापारी उपस्थित नहीं पाये गये।

इसी तारतम्य में 9 जनवरी को कारित जांच में लगभग 25 से 30 संख्या में उपस्थित किसानों द्वारा सामूहिक रूप से इस बात की पुष्टि की गई कि केन्द्र प्रभारी द्वारा अधिक राशि लेने, अधिक तौल लेने अथवा बिचौलियों को प्राथमिकता जैसी स्थिति नहीं है। जांच उपरांत प्रस्तुत प्रतिवेदन में उल्लेखित अन्य अनियमितताओं के आधार पर केन्द्र प्रभारी के विरुद्ध सेवा नियमों के तहत कार्यवाही किये जाने हेतु सहायक आयुक्त सहकारिता कटनी द्वारा नोटिस जारी कर कार्यवाही संस्थित की गई है।

## खबर संक्षेप



### जरूरतमंदों को रजाइयों का किया गया वितरण

**कटनी।** मॉम्स चैरिटी क्लब ने पिछले कई दिनों से पड़ रही कड़ाके की सर्दी के मौसम को देखते हुए गत दिवस ज़रूरतमंद लोगों को चार दर्जन से अधिक रजाइयों का वितरण किया। उक्त जानकारी देते हुए संस्था प्रमुख श्रीमती सतबीर लाम्बा ने बताया कि यह कार्यक्रम राहुल बाग कॉलोनी में कार्यरत कर्मियों के बीच आयोजित किया गया। लाभार्थियों में विनीत, लवकुश, रोहित, सुनील, आशीष, शालिनी, सुभद्रा आदि एवम् अन्य के चेहरे इस भेंट से खिल उठे। उन्होंने प्राप्त सामग्री की गुणवत्ता की प्रशंसा करते हुए अपना आभार व्यक्त किया। मॉम्स चैरिटी संस्था पिछले कई वर्षों से समाज के जरुरतमंद वर्ग की सहायता में सतत कार्यरत है। प्रायः प्रतिमाह ही क्लब द्वारा कम से कम एक सेवा कार्य तो किया ही जाता है। यह संस्था कटनी नगर की प्रतिष्ठित वरिष्ठ महिलाओं की पर्याय है। कार्यक्रम में श्रीमती सरोज गुप्ता, श्रीमती दमयंती बाठला, श्रीमती कैलाश बाठला, श्रीमती कैलाश आनंद, श्रीमती सतबीर लाम्बा, श्रीमती मृदुला संघी, श्रीमती राजकुमारी जीओवानी, श्रीमती प्रमिला कालरा, श्रीमती रंजना कालरा, सुश्री सीमा बाठला आदि मॉम्स चैरिटी संस्था सदस्यों की उपस्थिति रही।

### बिलैया तलैया सब्जी मंडी से स्कूटी चोरी

**कटनी।** नगर में वाहन चोरी की वारदातें पुरि होने लगी हैं। बीते दिनों में पुलिस ने कुछ वाहन चोर गिरोहों को गिरफ्तार भी किया, उनसे चोरी की गाड़ियां भी बरामद की। लेकिन इतना सब होने के बावजूद चोरी की घटनाओं पर अंकुश नहीं लग पा रहा है। वाहन चोर ने भरे बाजार से पलक झपकते स्कूटी पार कर दी। बाइक लेकर जाते हुए चोर आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे में भी कैद हो गया पुलिस सीसीटीवी कैमरे के आधार पर चोर की तलाश कर रही है। स्कूटी चोरी की घटना गत दिवस बिलैया तलैया सब्जी मंडी के पास घटित हुई। जानकारी के मुताबिक कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत राहुल बाग निवासी अनिल कालरा 8 जनवरी की दोपहर निजी कार्य से बिलैया तलैया सब्जी मंडी के पास आए थे। किसी बीच दोपहर लगभग 3:15 बजे अज्ञात चोर ने उनकी स्कूटी क्रमांक एमपी 21एस 1386 पार कर दी। स्कूटी लेकर भागते हुए चोर आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे में भी कैद हो गया। पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर चोरों की तलाश कर रही है।

### महापौर ने एमआईसी में शशिकांत तिवारी को किया शामिल

**कटनी।** महापौर श्रीमति प्रीति संजीव सूरी ने मेयर इन काउंसिल का पुनर्गठन किया है। महापौर ने नये सदस्य पार्षद शशिकांत तिवारी को अपनी एमआईसी टीम मे शामिल किया है। महापौर ने नवीन एमआईसी सदस्य शशिकांत तिवारी को एमआईसी में चयनित कर अपेक्षा की है कि एमआईसी की शर्तों और अनुशासन के अनुसार अपने कर्तव्य का पूरी निष्ठा के साथ निर्वहन करेगें।महापौर ने उन्हें शुभकामनाएं दी तथा जनहित के कार्यों नगर विकास कार्यों के प्रति सजगता से कार्य करने की अपेक्षा की।

### गलाव से लोग परेशान

**कटनी।** कड़ाके की ठंड से लोग जूझ रहे हैं। बुधवार को पूरे दिन शीतलहर चली और दिन भर धूप नहीं निकली। इसके कारण गलाव और ठंड ने लोगों का जनजीवन प्रभावित कर दिया है। हालांकि मंगलवार को धूप निकलने से लोगों ने ठंड से राहत की सांस ली थी, लेकिन उसके दूसरे दिन ही सुबह के समय कोहरा छाया रहा और दिन भर शीतलहर चलती रही। ठंड से बचने के लिए दिन में गर्म कपड़े पहने नजर आ रहे थे। सुबह के समय कोहरे के कारण विजिबिलिटी कम होने के कारण वाहन चालक हेड लाइट जलाकर वाहन चला रहे थे। दिन का न्यूनतम तापमान 13 और अधिकतम तापमान 21 पर रहा। दिन में चल रही शीतलहर और गलाव से बचने के लिए लोग दिन में भी अलाव जलाते नजर आए।


### 13 से 17 फरवरी तक घर-घर जाकर खिलाई जाएगी डीईसी व एल्बेंडाजोल दवा

# हाथीपांव से बचने किया जाएगा जागरूक स्कूल, कॉलेजों व दफ्तरों में भी बंटेगी दवा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

राष्ट्रीय फाईलेरिया उन्मूलन कार्यकम एम.डी.ए/आई.डी.ए की जिला समन्वय समिति की बैठक बुधवार को कलेक्टर अवि प्रसाद की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभा गृह में सम्पन्न हुई। इस बैठक में शिशिर गेमावत सी.ई.ओ. कटनी, डॉ. राजेश अठया मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कटनी डॉ. यशवंत वर्मा सिविल सर्जन, राकेश चौरसिया बहोरीबंद एस.डी.एम, राकेश चौरसिया जिला शिक्षा अधिकारी, जिला आयुष अधिकारी, खण्ड चिकित्सा अधिकारी, जिला मलेरिया अधिकारी व अन्य विभागो के अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे।





#### प्रजेन्टेशन से दी गई जानकारी

बैठक का उद्देश्य 10 फरवरी से 23 फरवरी 2024 तक होने वाले एम.डी.ए., आई.डी.ए कार्यकम की गतिविधियो से अवगत कराना है। जिसकी जानकारी मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी व जिला मलेरिया अधिकारी के द्वारा पावर प्वाईन्ट प्रेजेन्टेशन के माध्यम दी गई।

इस वर्ष तीन औषधि पद्धति अपनाकर फाइलेरिया का उन्मूलन कराना शासन का उद्देश्य है। जिसमें डी.ई.सी. एलबेन्डाजोल व आयवरमेक्टिन की गोली का सेवन घर-घर जाकर दवा सेवक अपने समक्ष करायेगे। 10 से 13 फरवरी 2024 को बूथ लेवल पर सभी शासकीय व अशासकीय शालाओ, कालेज, व कार्यालयों में दवा का सेवन कराया जावेगा। 14 फरवरी से 19 फरवरी 2024 तक दवा सेवक घर-घर जाकर दवा का सेवन करायेगे। 20 से 23 फरवरी मॉपअप दिवस में छूटे हुये लौगो को दवा का सेवन कराया जावेगा।

#### क्विज प्रतियोगिता

जिले मे फाइलेरिया रोग से संबंधित जनजागरूकता फैलाने के लिए कलेक्टर अवि प्रसाद की पहल पर एक क्विज प्रतियोगिता का भी आयोजन किया जायेगा जिसमें फाईलेरिया रोग से संबंधित प्रश्नों के माध्यम से लोगों को जागरूक किया जायेगा। और हर दिन के विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया जायेगा।

यह दवा 02 वर्ष से कम उम्र के बच्चो, गर्भवती महिला व अति गंभीर रोगियों को दवाई का सेवन नहीं कराना है। फाइलेरिया से बचाव का एक मात्र सरल उपाय दवा सेवक (आशा, आगनबाडी, कार्यकर्ता व सहायिका, स्वयं सेवी) के सामने डी.ई.सी., एल्बेन्डाजोल व आयवरमेक्टिन की गोली का सेवन कर स्वयं और अपने परिवार को बीमारी से मुक्त करने की अपील की है। दवा का सेवन नाश्ता और खाना खाने के बाद ही करना है।



## 3 दिन से बिजली और पानी के लिए भी तरस रहे लोग

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

कालोनी के निर्माण के समय लोगों को हर तरह की सुविधाएं मुहैया कराने के नाम पर लुभाया जाता है और जब लोग अपनी जमापूंजी खर्च कर फ्लैट खरीदकर रहना शुरू कर देते हैं तब धीरे धीरे बिल्डर की चालबाजी के कारनामे सामने आते हैं। कुछ ऐसी ही समस्या से शुभसिटी के रहवासी परेशान हैं। बुनियादी सुविधाओं के लिए भी मोहताज हैं। शुभसिटी में रहने वाले दर्जनों परिवार पिछले तीन दिनों से पानी के लिए परेशान है। शाम होते ही कॉलोनी में अंधेरा छा जाता है। दरअसल कॉलोनी में बिजली के लिए टीसी कनेक्शन लिया गया था, जिसे सात जनवरी को काट दिया गया। इसके बाद से कॉलोनी के अधिकांश घरों की लाइट बंद है। बिजली कनेक्शन कट जाने से पानी की सप्लाई भी बंद हो गई है। कॉलोनी के लोग पानी के परेशान है। समस्या के निराकरण के लिए कॉलोनी के लोगों ने कलेक्टर शिकायत भी की है।

कॉलोनी में रहने वाले जेडी श्रीवास्तव ने बताया कि शिकायत में बताया कि शुभ सिटी का बिजली कनेक्शन 8 जनवरी से बंद है। तीन दिन से बिजली बंद हो जाने के कारण लोग पानी के लिए परेशान है, इसके अलावा शाम के समय कॉलोनी में अंधेरा छा जाता है। उन्होंने बताया कि कॉलोनी में तीन सौ घरों में परिवार रहते हैं। जेडी श्रीवास्तव ने कलेक्टर से की गई शिकायत में बताया है कि बिल्डर ने मकान और प्लॉटों की रजिस्ट्री करते समय सभी प्रकार के भुगतान प्राप्त कर लिए गए है, बावजूद इसके एनओसी के नाम पर परेशान किया जा रहा है। टीसी कनेक्शन काट दिए जाने से लोगों को पानी के लिए परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

*सांसद, जनप्रतिनिधि सहित कलेक्टर भी हुए शामिल*

## नागपुर को हराकर जबलपुर ने ट्रॉफी पर जमाया कब्जा, टीम का किया पुरस्कृत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

उमरियापान के अँधेलीबाग खेल मैदान में स्व. मुरारीलाल चौरसिया की स्मृति में आयोजित संतोष ट्रॉफी का बुधवार को फाइनल मुकाबला नागपुर और जबलपुर के बीच खेला गया। फाइनल प्रतियोगिता में कलेक्टर अवि प्रसाद भी शामिल हुए और खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। जबलपुर ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में सभी विकेट गवाकर 180 रनों के स्कोर खड़ा किया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी नागपुर टीम के सभी खिलाड़ी 18 ओवर में ही 100 रनों के स्कोर पर ढ़ेर हो गए। 80 रनों से जबलपुर की टीम ने इस मैच को जीतकर ट्रॉफी पर कब्जा कर लिया। नागपुर के खिलाड़ी आकाश को मैन ऑफ द सीरीज और जबलपुर के खिलाड़ी अरबाज को मैन ऑफ द मैच जबकि उमरियापान के खिलाड़ी रितिक चौरसिया को बेस्ट कैच का पुरस्कार दिया गया।



शहीद अहमद और राजन पाण्डेय ने एम्पायरिंग किया। कमेंट्री गोल्डी चौरसिया,शोलू पटेल और स्कोरिंग संदीप चौरसिया,प्रिंस अरोरा ने किया।इस दौरान अंकित झारिया, राजेन्द्र चौरसिया राजा चौरसिया,राजेश ब्यौहार,जितेंद्र अरोरा, विजय गुप्ता,बसंत चौरसिया, प्रशांत राय,अध्यक्ष आशीष चौरसिया,कमलेश चौरसिया, संतोष दुबे, पारस पटेल ,मोहन चौरसिया,पुरुषोत्तम पांडेय ,शैलेंद्र पौराणिक, सिद्धार्थ दीक्षित, विराट पाण्डेय,तातू चौरसिया,संतू चौरसिया,पप्पू चौरसिया,सतीश गौतम, अतुल चौरसिया,प्रमोद असाटी,मिकी,लकी चौरसिया ,हिमांशु, हनी चौरसिया, सहित हजारों की संख्या में खेल प्रेमियों की उपस्थिति रही। शहडोल सांसद हिमाद्री सिंह,भाजपा जिलाध्यक्ष दीपक सोनी,केडीए अध्यक्ष पीताम्बर टोपनानी,जिला मंत्री विजय दुबे,मंडल अध्यक्ष गोविंद सिंह, जिपं.सदस्य कविता राय, जनपद अध्यक्ष सुनीता दुबे, सरपंच अटल ब्यौहार,शिवकुमार चौरसिया सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने विजेता हुई जबलपुर की टीम को 71 हजार रुपये व ट्रॉफी, और उपविजेता रही नागपुर की टीम को 35 हजार रुपये व शील्ड प्रदाय कर पुरूस्कृत किया।

### पुरानी पेंशन व्यवस्था बहाल करने चल रहा आंदोलन




घने कोहरे के बीच रेल कर्मचारी एवं आयुध निर्माणियों के कर्मचारियों ने पुरानी पेंशन व्यवस्था बहाल करने सहित कर्मचारियों की अन्य आवश्यक मांगों को लेकर तम्बू गाड़ दिया है। कर्मचारियों ने केंद्र सरकार की कर्मचारी विरोधी नीतियों के विरोध में जमकर नारेबाजी करते हुए मांगों को पूरा न होने पर आंदोलन और भी उग्र करने को तैयार रहने का आव्हान किया है। इस तरह न्यू पेंशन स्कीम (एनपीएस) के विरोध में रेलवे और आयुध निर्माणी कर्मचारियों के संगठन क्रमिक भूख हड़ताल पर बैठ गए हैं। 8 जनवरी से प्रारंभ होकर यह क्रमिक अनशन में,अगले चार दिनों तक कर्मचारी यूं ही भूख हड़ताल पर रहेंगे। वहीं इसके बाद भी सरकार ने उनकी मांगों पर ध्यान नहीं दिया तो वे फरवरी माह में बड़े और उग्र आंदोलन की तैयारी कर रहें है।

## राहुल बाग में श्रीमद भागवत कथा एवं दिव्य दरबार का आयोजन 2 फरवरी से

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

राहुल बाग के मैदान में आगामी 2 फरवरी से 9 फरवरी तक श्रीमद भागवत कथा सप्ताह एवं दिव्य दरबार का धार्मिक भव्य आयोजन किया जा रहा है। मऊरानीपुर के समीप रानीपुर स्थित सिद्धपीठ संकटमोचन धाम के पीठाधीश्वर पं ऋषिकृष्णा शास्त्री महाराज के मुखारविंद भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं की अमृतवर्षा होगी।

दिव्य दरबार व श्रीमद भागवत कथा में भारी जनसैलाब उमडने की संभावना के मद्देनजर आयोजक मंडल आस्था परिवार प्रमुख प्रवीण बजाज द्वारा समुचित व्यवस्था की जा रही है। श्रीमद भागवत कथा के साथ महाराज दिव्य दरबार में पीडित लोगों की अर्जी पर उनके संकट समस्याओं का निदान करेगें।

कार्यक्रम को सफल बनाने के लिये 13/1/2024 को प्रातःसाढे 12बजे कथा व्यास पं ऋषिकृष्णा शास्त्री महाराज का प्रथम नगर आगमन हो रहा है। महाराज मऊरानीपुर के समीप रानीपुर स्थित संकटमोचनधाम से सडक मार्ग द्वारा कटनी पहुंचेगे जहाँ पन्ना मोड में आयोजन समिति आस्था परिवार व शिष्यमंडली द्वारा महाराज की अगुवाई की जायेगी।

महाराज दोपहर 1बजे धार्मिक आयोजन के प्रायोजक आस्था परिवार प्रमुख प्रवीण बजाज के निवास पर भोजन गग्रहण करेगें इसके बाद दोपहर 2:30 बजे नगर पालिक निगम महापौर श्रीमति प्रीति संजीव सूरी द्वारा मंदिरों की पूजन सामग्री एकत्रित करने के सराहनीय कार्य के लिये वाहनों को हरीझंडी दिखाकर रवाना करेगें।

महाराज दोपहर 3 बजे राहुल बाग के विशाल कथास्थल व दिव्य दरबार स्थल का अवलोकन कर क्षेत्रपाल सीमा का निर्धारण करेगें। 5बजे से सायं 6:30बजे तक शिष्यमंडल से बैठक कर कार्यक्रम के विषय पर चर्चा करेगें। सायं 7बजे महाराज राहुल बाग के समीप निमिया मोहल्ला स्थित गौशाला भवन में पत्रकार वार्ता में कार्यक्रम की विस्तार से जानकारी देगे।

कार्यक्रम के संयोजक प्रवीण बजाज आस्था परिवार शिष्य मंडल ने नगर की धर्मप्रेमी जनता से अपील की है कि महाराज की अगुवाई के लिये पन्ना मोड पर अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने की अपील की है।

*संकल्प यात्रा के तहत लोगों को योजनाओं की जानकारी*

## मंगेली ग्राम पहुंचे कलेक्टर ने ग्रामीणो से संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत बुधवार को आयोजित शिविर में शहडोल सांसद हिमाद्री सिंह जनपद पंचायत ढ़ीमरखेडा के ग्राम पंचायत मंगेली एवं झिन्ना पिपरिया के दियागढ़ पहुँची। इस अवसर पर उन्होंने कहा प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में चलाई जा रही सरकार की गारंटी वाली गाड़ी सभी ग्राम पंचायतों में जा रही हैं। सरकार देश के गरीब, किसान, युवा और महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने व लोगों के भविष्य को बेहतर बनानें का काम कर रही है। शासन की योजनाओं से वंचित पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ दिलानें मोदी जी की गारंटी वाली गाड़ी गांव- गांव घर-घर दस्तक दे रही है। सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राही अवश्य लें।

इस दौरान प्रधानमंत्री जी के उद्बोधन को देखा व सुना गया। साथ ही विकसित भारत संकल्प यात्रा अंतर्गत शपथ भी दिलाई गई। ड्रोन का प्रदर्शन भी किया गया। अधिकारियों कर्मचारियों द्वारा मौके पर योजनओं के शिविर लगाकर हितग्राहियों को योजनाओं की जानकारी दी गई तथा पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित भी किया गया। इस दौरान उपस्थित जनों नें वर्ष 2047 तक भारत को विकसित और आत्मनिर्भर राष्ट्र बनानें का संकल्प भी लिया।

कलेक्टर अवि प्रसाद यहां ढीमरखेड़ा के मंगेली ग्राम पहुंचे और विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत ग्रामीणो से संवाद किया। उनकी समस्याएं सुनीं।

कलेक्टर श्री प्रसाद उमरियापान खेल मैदान भी पहुंचे और यहां चल रही क्रिकेट प्रतियोगिता में शामिल खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। यहां चल रही क्रिकेट प्रतियोगिता के मैच की सबसे बड़ी खूबी यह रही कि यहां के मैच का कवरेज ड्रोन से किया जा रहा था।

#### 9 ग्राम पंचायतों में पहुचीं यात्रा

जिला अंतर्गत निरंतर आयोजित की जा रही विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत बुधवार को जनपद पंचायत बहोरीबंद के ग्राम पंचायत हथियागढ़ एवं मोहनिया रामपाटन, ढीमरखेडा के ग्राम बरौदा एवं मंगेली, कटनी के गुलवारा, रीठी के ग्राम सैदा एवं हरद्वारा सहित जनपद पंचायत विजयराघवगढ की ग्राम पंचायत जुगिया एवं रजरवारा नंबर -1 में यात्रा पहुंची।

#### योजनाओं के लगाए गए स्टॉल

शिविर में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग, जनजातीय कार्य/अनुसूचित जाति कल्याण विभाग, लोक स्वास्थ्य यांत्रिक विभाग, बैंक, खाद्य विभाग, राजस्व विभाग, पशुपालन, आजीविका मिशन, जल संसाधन, स्वास्थ्य विभाग, प्रधानमंत्री उज्जवल योजना, शिक्षा संबंधित, उद्यानिकी विभाग, स्वास्थ्य विभाग, जिला कार्यक्रम विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग के स्टॉल लगाये गये थे। इन स्टॉलों पर ग्रामीणजनों ने अपने आवेदन दिए।

### महापौर ने लाडली बहनों को भेंट की श्रृंगार सामग्री

# मुख्यमंत्री ने लाडली बहनों के खाते में अंतरित की राशि





हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

नगर पालिक निगम सीमा के सभी 45 वार्डों में महिला सशक्तिकरण अंतर्गत मुख्यमंत्री लाडली बहना योजना के तहत अंतरित की गई राशि का हजारों हितग्राहियों को लाईव प्रसारण दिखाया गया।

कुशाभाऊ ठाकरे कन्वेंशन सेन्टर भोपाल से मुख्यमंत्री के मुख्य आतिथ्य में आयोजित कार्यक्रम का द्वारका भवन में मुख्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। द्वारका भवन में महापौर श्रीमति प्रीति संजीव सूरी, निगमाध्यक्ष मनीष पाठक, अध्यक्ष कटनी विकास प्राधिकरण पीताम्बर टोपनानी भाजपा जिलाध्यक्ष दीपक सोनी सुनील उपाध्याय निगमायुक्त विनोद कुमार शुक्ल एवं निगम के अधिकारी कर्मचारी के साथ साथ आंगनबाडी कार्यकर्ता/ सहायिकाओं, व लाड़ली बहनाओं की उपस्थिति में देखा व सुना गया।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा सिंगल क्लिक के माध्यम से पात्र हितग्राही बहनों के खातों में एक हजार दो सौ पचास रुपए की राशि अंतरित की गई। इस मौके पर महापौर श्रीमति प्रीति संजीव सूरी ने महिला हितग्राहियों को श्रृंगार सामग्री भेंट की तथा उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। महापौर ने शासन द्वारा प्रदाय की गई राशि को लेकर प्रदेश सरकार के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का अभिवादन किया।

कुशाभाऊ ठाकरे कन्वेंशन सेन्टर भोपाल से राज्य स्तरीय कार्यक्रम का सीधा प्रसारण प्रातः11 बजे से प्रारंभ हुआ। कार्यक्रम को नगर पालिक निगम सीमा अंतर्गत सभी 45 वार्डों के चिन्हित स्थानों पर एलईडी के माध्यम से प्रसारित किया गया।सभी वार्डों में हजारों लोगों ने लाडली बहना योजना का कार्यक्रम देखा व सुना।प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा महिलाओं को उनके आत्म स्वावलंबन एवं समाज में उनकी प्रतिष्ठा को बरकरार रखने के उद्देश्य से संचालित की जा रही है।



## अक्षत कलश शोभायात्रा हर्षोल्लास के साथ निकाली

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

श्रीराम मंदिर तीर्थ क्षेत्र अयोध्या से आये अक्षत कलश शोभा यात्रा में श्री रामलला का भव्य दिव्य दरबार से सजा रथ, राम भक्तों के हाथ मे ध्वज पताका, बैंड बाजों की रामधुन, जय श्रीराम के जय घोष एवं जयकारों से वातावरण राममय हो गया। भक्ति भाव से ओत-प्रोत होकर निकाली कलश यात्रा। हमारे आराध्य प्रभु श्रीराम का जगह-जगह हुआ स्वागत, भक्तजनों श्रद्धालुओं एवम् सामाजिक बंधुओ के द्वारा आरती पूजन कर पुष्प वर्षा की गयी और रामसेवकों का आत्मीय भाव से अभिनंदन किया गया। मंगल कलश यात्रा मे बड़ी संख्या मे मातृशक्तियाँ व सभी समाज के सामाजिक बंधु, श्रीराम भक्त और समाजसेवी ने शामिल होकर धर्मलाभ प्राप्त किया। सफल आयोजन के लिए सभी मातृशक्तियों के असीमित उत्साह और श्रीराम सेवकों के सहयोग से गौरवपूर्ण ढंग से कलश यात्रा आयोजन सम्पन्न हुआ।

## खबर संक्षेप

### एक अपराधी पर की प्रतिबंधात्मक कार्यवाही

**दमोह।** जिला मजिस्ट्रेट मयंक अग्रवाल ने आपराधिक गतिविधियों पर तत्काल प्रभाव से नियंत्रण करने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक सुनील तिवारी के प्रतिवेदन पर म.प्र. राज्य सुरक्षा अधिनियम के तहत 01 अपराधी पर प्रतिबंधात्मक कार्यवाही की है।उन्होंने थाना मड़यिादौ के अनावेदक बाली पिता मनु आदिवासी निवासी ग्राम नयाखेड़ा को आगामी 03 माह अर्थात 90 दिवस की कालावधि तक के लिये दिये गये निर्देशों का पालन करने हेतु पाबंद किया है। जारी प्रतिबंधात्मक आदेशानुसार अनावेदक प्रत्येक सोमवार को संबंधित थाना प्रभारी के समक्ष अपनी उपस्थिति दर्ज करायेगा।

### 13 एवं 20 जनवरी को लगेंगे विशेष शिविर

**पन्ना।** निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार फोटो निर्वाचक नामावली के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण 2024 अंतर्गत मतदान केंद्रों में 13 जनवरी एवं 20 जनवरी को विशेष शिविर लगाए जाएंगे। इस दौरान समस्त बीएलओ अपने-अपने क्षेत्र में भ्रमण करेंगे और मतदाता सूची का वाचन कर फॉर्म 6, 7 और 8 का आवेदन और दावे-आपत्तियां प्राप्त करेंगे। समस्त विधानसभा क्षेत्रों से संबंधित अनुविभागीय अधिकारी राजस्व और रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों को विशेष कैंप की तिथियों में मतदान केंद्रों का आकस्मिक निरीक्षण करने के निर्देश दिये गए हैं।

### नगर के वॉर्ड क्र 8 में 100 मी सीसी सड़क का हुआ भूमि पूजन

**पवई।** नगर परिषद पवई के वार्ड क्रमांक 8 नाला पार बुधवार को लगभग चार लाख की लागत से बनने वाली 100 मीटर सीसी सड़क का भूमि पूजन नगर परिषद अध्यक्ष बसंत दहायत मंडल अध्यक्ष मधु गुलाब सोनी व अन्य जन प्रतिनिधियों की मौजूदगी में पूरे विधि विधान के साथ में किया गया नगर के अन्य वार्डों में भी इसी तरह के निर्माण कार्य शुरू हो रहे हैं, जिनका भी जल्दी ही भूमि पूजन किया जाएगा। बता दें कि लंबे समय से वार्डवासी सीसी सड़क की मांग कर रहे थे, बारिश के मौसम या थोड़ी सी बारिश हो जाने से कीचड़ में लोगों को समस्याओं का सामना करना पड़ रहा था। इस मोके पर में पुष्पेंद्र पटेल दीपेंद्र सिंह और निधि पटेरिया सीपी गौतम संदीप खरे अजित बढोलिया विकल राजा ,देवी खटीक सहित पत्रकार वार्ड बासी मौजूद रहे।

### गुरूवार को विकसित भारत संकल्प यात्रा का भ्रमण कार्यक्रम

**पन्ना।** पन्ना जिले में गुरूवार, 11 जनवरी को विकसित भारत संकल्प यात्रा 10 ग्राम पंचायत क्षेत्र में भ्रमण करेगी। पन्ना विकासखण्ड की ग्राम पंचायत फुलवारी एवं सुन्दरा, अजयगढ़ विकासखण्ड की ग्राम पंचायत जैतुपुर एवं सीलौना, गुनौर विकासखण्ड की ग्राम पंचायत बंधौरा एवं धरवारा, पवई विकासखण्ड की ग्राम पंचायत हरदुआव्यारमा एवं बनौली तथा शाहनगर विकासखण्ड की ग्राम पंचायत लमतरा एवं बीजाखेड़ा में यात्रा का आगमन होगा।

#### जनपद के अधिकारी कर्मचारियों पर लगाये आरोप, सदस्यों ने जताया आक्रोश

# जेल से जनपद अध्यक्ष ने वीसी से ली जनपद सामान्य सभा की बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा



जनपद पंचायत हटा में छः माह उपरांत बुधवार को जनपद पंचायत के सभागार कक्ष में सामान्य सभा की बैठक हटा जेल में बंद जनपद अध्यक्ष इंद्रपाल सिंह पटेल द्वारा वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से जनपद पंचायत सीईओ बीएस यादव जनपद उपाध्यक्ष श्रीमती राजकुमारी छिरोलया व जनपद सदस्यों की उपस्थिति मैं आयोजित की गई जिसमें ग्राम पंचायतों में कराए गए निर्माण कार्यों सहित अन्य मुद्दों पर चर्चा की गई। जहां जनपद उपाध्यक्ष प्रतिनिधि लालू छिरोलया द्वारा बैठक में अधिकारियों पर आरोप लगाते हुए कहा कि जनपद कार्यालय में कोई भी काम बिना कमीशन की नहीं किया जाता है सरपंच सचिव द्वारा पंचायत में कराए गए कार्यों के भुगतान हेतु पूर्व में ही कमीशन की मांग की जाती है और जो पैसे नहीं देते हैं उनके भुगतान रोक दिए जाते हैं। वही उनका कहना था कि ग्राम पंचायत मडियादो वह अन्य पंचायत में निर्माण कार्य हेतु दुकानदार द्वारा दी गई सामग्री के भुगतानों के बिलों को डिलीट कर मन माफिक रूप से बिल डिलीट कर अन्य को भुगतान किया जा रहा है जिस पर सीईओ ने जांच कर कार्रवाई करने का आश्वासन दिया। जहां जनपद सदस्य कन्हैयालाल पटेल द्वारा बैठक में कहा गया कि जो विगत 6 माह पूर्व आयोजित सामान्य सभा की बैठक में प्रस्ताव रखे गए थे उन प्रस्तावों पर क्या कार्ययोजना तैयार की गई और बैठक में की गई शिकायतो पर कोई कार्यवाही क्यों नहीं की गई जिस संबध में जनपद सीईओ से जबाब मांगा गया। वही हिनौता जनपद सदस्य द्वारा जनपद निधि के बारे में जानकारी ली गई कि विगत बर्ष की जनपद निधि किन-किन पंचायत में जारी की गई क्या अन्य सदस्यो को जनपद निधि आवंटित क्यों नहीं की गई जिसकी जानकारी बैठक में मांगी गई। वही रनेह महिला जनपद सदस्य द्वारा जनपद कार्यालय में अधिकारियों व कर्मचारियों द्वारा महिला सदस्यो को सम्मान व पूछ-परख न किए जानें पर नाराजगी व्यक्त करते हुए बात को रखा गया। इसके अलावा उपस्थित सभी सदस्यो द्वारा सर्व सम्मति से विकासखंड की सभी पंचायतों में उपयोगिता को देखते हुए निर्माण कार्य कराए जानें के प्रस्ताव रखे गये। जनपद सदस्य शैलेश पटेल द्वारा भी अधूरे पड़े निर्माण कार्यों को शीघ्र भुगतान कराए जाने की बात रखी। बैठक के अंत में जनपद पंचायत की सभी ग्राम पंचायतों में किए जाने वाले विकास कार्यों पर चर्चा की गई। सामान्य सभा की बैठक में जनपद उपाध्यक्ष श्रीमती राजकुमारी छिरोलया, गंगाराम पटेल, कन्हैयालाल पटेल महेश्वर सिंह सुहागरानी , सरस्वती कुडेरिया , सुनीता उपाध्याय, कमला गौड़, प्रियेश अठया, अनुसुइया रानी, दसोदा बाई पंचायत निरीक्षक राजेश पाराशर, रोजगार गारंटी रामजी पटैल एपीओ द्वारका पटेल, एसडीओ आईडी पाठक वरिष्ठ कृषि विस्तार अधिकारी एमपी सिरवैया सहित महिला बाल विकास अधिकारी शिवराय सहित जनपद पंचायत के कर्मचारियों की उपस्थिति रही।

#### जिला जेल में विधिक जागरूकता कार्यक्रम सम्पन्न

# दंडित बंदी अपील समयावधि में प्रस्तुत की जाना चाहिये-विशेष न्यायाधीश



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

म.प्र.राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर द्वारा दिये गये निर्देशों के तहत प्रिंसिपल जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण दमोह रेणुका कंचन के मार्गदर्शन में जिला जेल दमोह में बंदियों के अधिकार के संबंध में विधिक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। उक्त शिविर में विशेष न्यायाधीश (अनु.जाति/जनजाति ) शरत चंद सक्सेना, जिला न्यायाधीश/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण दमोह अम्बुज पाण्डेय, जिला विधिक सहायता अधिकारी रजनीश चौरसिया, अधीक्षक जिला जेल सी.एल. प्रजापति, जेल स्टाफ एवं बंदीगण उपस्थित रहे। विशेष न्यायाधीश (अनु.जाति/जनजाति ) शरत चंद सक्सेना ने अपने उद्बोधन में कहा अपील के लिये परिसीमा काल निर्धारित है प्रायः यह देखा जाता है कि दंडित बंदी अपने आवेदन सीमाकाल समाप्त होने के उपरांत प्रेषित करते हैं, अतः अपील हेतु आवेदन शीघ्रता से प्रेषित करना चाहिए। उन्होंने एक बंदी द्वारा पूछे गये प्रश्न के संबंध में कहा कि न्यायाधीश अभिलेख पर उपलब्ध साक्ष्य के आधार पर निर्णय करता है और निर्णय के विरूद्ध सभी को अपील करने का अधिकार है। साथ ही जीवन के हर पल का सदुपयोग करना ही मानव का कर्तव्य है, जेल में रहकर आत्मचिंतन करें एवं ध्यान करें। जिससे जीवन में साकारात्मक बदलाव आ सके। जिला न्यायाधीश/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण दमोह अम्बुज पाण्डेय ने बंदियो के अधिकार यथा निःशुल्क विधिक सहायता एवं सलाह प्राप्त करने, संपर्क अथवा मुलाकात का अधिकार, पढ़ने, लिखने एवं अभिव्यक्ति का अधिकार, मारपीट एवं प्रताड़ना के विरूद्ध शिकायत, व्यक्तिगत सुनवाई का अधिकार, मनोरंजन सुविधाओं, धर्मपालन का अधिकार, उपचार का अधिकार आदि की विस्तृत जानकारी दी। जिला विधिक सहायता अधिकारी रजनीश चौरसिया ने बंदियों को लीगल एण्ड डिफेंस काउंसिल सिस्टम के बारे में जानकारी देते हुये बताया कि आपका बचाव करने हेतु शासन द्वारा लीगल एड डिफेंस काउंसिल की भर्ती की गई है जो आपकी ओर से निःशुल्क पैरवी कर रहे हैं एवं अपना संपूर्ण समय विधिक सेवा के कार्यो में लगा रहे हैं। कार्यक्रम का आभार अधीक्षक जिला जेल सी.एल. प्रजापति ने व्यक्त किया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित बंदियों के द्वारा पूछे गये प्रश्नों का समाधान भी किया।

## गरीब नवाज की सन्दली चादर की कल शहर गश्त

**हिण्डोरिया।** देश की वर्षों पुरानी कौमी एकता भाईचारा की गंगा जमुनी परंपरानुसार इस वर्ष भी हिन्द के राजा हजरत ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती हसन संजरी अताऐ रसूल अजमेरी रजि. के सालाना उर्स के मौके पर नगर के मुख्य मार्गो से सन्दली चादर आतिशबाजी,गाजे-बाजे, डीजे, सीनरी के साथ निकाली जायेगी। इस सम्बंध मे ख्वाजा गरीब नवाज इंतजामियां नगर कमेटी के सदर कलीम भोपाली एवं सचिव शाकिर खान ने बताया कि आगामी 12 जनवरी 2024 दिन शुक्रवार को बाद नमाज जुमा खानकाह नूरी फरीदी वार्ड 07 से सन्दली चादर उठेगी एवं मुस्लिम वार्डो मे गश्त करेगी। अंत मे हजरत बाबा मेहबूब शाह दरगाह परिसर मे चादर गश्त का समापन होगा। इंतजामियां कमेटी के सभी मेम्बरान ने अकीदतमंद हजरात एवं गरीब नवाज के दीवानों से विशाल चादर शहर गश्त मे बडी. तादाद मे शिरकत की गुजारिश की है।

## गणतंत्र दिवस की तैयारी को लेकर हुई बैठक



**जबेरा।** आगामी राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस को उत्साह के साथ गरिमा मय मनाने हेतु बुधवार को जनपद पंचायत सभागार में नवागत एसडीएम बृजेश सिंह की अध्यक्षता ब मुख्य कार्यपालन अधिकारी रामेश्वर पटेल, तहसीलदार विवेक व्यास की उपस्थिति में समस्त विभागों के अधिकारी कर्मचारी ब जनप्रतिनिधि की उपस्थिति में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस को उत्साह के साथ मानने के लिए निम्न बिंदुओं पर चर्चा की गई। जिसमें पुरस्कार वितरण, मिष्ठान वितरण, सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजन व उसमें निर्णायक टीम का गठन सहित सभी शालाओं के प्रतिभागी छात्र-छात्राओं को पुरूस्कार वितरण के साथ ही पुलिस विभाग द्वारा ध्वजारोहण के समय सलामी की बात रखी गई।बैठक में परियोजना अधिकारी रिंकल घनघोरिया,मंडी इंस्पेक्टर मेहपाल सिंह,विद्युत विभाग प्रभारी एम एस महतो, बीआरसी प्रवेंद्र वैघ,सरपंच शिवलाल धुर्वे,मंडल अध्यक्ष राजेश सिंघई,रविशंकर वाजपई, बंटी दुबे, सहारा ठाकुर, त्रिलोक सिंह लोधी,मयंक जैन,लिपिक किशोरी सेन, डी आर नामदेव सहित अधिकारी कर्मचारी ब जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति रही।

## गणतंत्र दिवस मुख्य समारोह की तैयारियां हेतु बैठक का आयोजित

**हटा।** मुख्यालय हटा में गणतंत्र दिवस मुख्य समारोह की समस्त तैयारियां बेहतर हो, समारोह के लिए अधिकारियों एवं कर्मचारियों को जो दायित्व सौंप गए हैं वह अपनी जिम्मेदारी से गणतंत्र दिवस समारोह की तैयारियां पूर्ण करें। इस आशय के निर्देश हटा एसडीएम रीता डेहरिया ने बुधवार को जनपद पंचायत के सभागार कक्ष में आयोजित तैयारियों संबंधी बैठक में संबंधित अधिकारियों को दिए। बैठक में एसडीएम ने निर्देशित किया की राष्ट्रीय पर्व हर्षोल्लास एवं उत्साह पूर्वक मनाया जाए। विकासखंड स्तर पर मुख्य समारोह एमएलबी स्कूल ग्राउंड में प्रातः 9:15 बजे से मुख्य अतिथि द्वारा ध्वजारोहण से प्रारंभ होगा। समारोह में पुलिस एनसीसी कैडेट्स स्काउट गाइड द्वारा मार्च पास्ट किया जाएगा वही राष्ट्रगान व मध्य प्रदेश गान एमएलबी की छात्राओं द्वारा किया जावेगा। कार्यक्रम में सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं पुरस्कार वितरण तथा निर्णायक मंडल के सदस्यों की नियुक्ति की गई। बैठक में निर्देश दिए गए की गणतंत्र दिवस की तैयारी सभी अधिकारी समय सीमा में सुनिश्चित करें उन्होंने निर्देश दिए कि समारोह स्थल पर ग्राउंड की साफ सफाई पेयजल बैठक व्यवस्था सुरक्षा व्यवस्था तथा विद्युत व्यवस्था के इंतजाम पुख्ता रखे जाएं बैठक में आमंत्रण पत्र छपवाए जाने तथा वितरण के संबंध में जनपद पंचायत सीईओ बीएस यादव व तहसीलदार को निर्देश दिए। वहीं सुरक्षा व्यवस्था की जिम्मेदारी लेते हुए एसडीओपी नितेश पटेल ने कहा कि किसी भी प्रकार की कार्यक्रम में अव्यवस्था नहीं होगी एवं समारोह कार्यक्रम में एमएलबी के प्रवेश द्वार में सिर्फ मुख्य अतिथियों जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों के वाहन ही प्रवेश करेंगे एवं कार्यक्रम के दौरान कोई भी फालतू व्यक्ति प्रवेश नहीं करेगा इसके लिए पुलिस की पैनी नजर रहेगी ताकि कार्यक्रम में व्यवधान न हो। एसडीएम द्वारा पूर्व के कार्यक्रमो की भांति इस बार बेहतर तरीके से कार्यक्रम आयोजित करने हेतु कमेटियों में संसोधन कर दिशा निर्देश दिए। सांस्कृतिक कार्यक्रमो की शानदार प्रस्तुतियां हेतु नई चयन समिति गठित की गई जिसमें पूर्व प्राचार्य विनय दवे डॉक्टर सीएल नेमा, सौरभ नेमा, नवोदय शिक्षक को कमेटी का सदस्य बनाया गया एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति हेतु शासकीय व अशासकीय विद्यालयों के छात्र-छात्राओं के चयन हेतु एमएलबी स्कूल में 18 जनवरी निर्धारित की गई । मार्च पास्ट की तैयारी हेतु सीएम राइज के एनसीसी ऑफिसर पी एन खेमरिया सत्येंद्र सिंह एवं नवोदय विद्यालय के शिक्षकों को निर्देशित किया। एवं कार्यक्रम का मंच संचालन पीएन खेमरिया के साथ शिक्षक माधव पटेल एवं शिक्षिका निर्मला सेन द्वारा किया जावेगा। बैठक में मुख्य रूप से जनपद उपाध्यक्ष श्रीमती राजकुमारी छिरौलिया एसडीओपी नितेश पटेल जनपद पंचायत सीईओ बीएस यादव, थाना प्रभारी मनीष मिश्रा, जेलर नागेंद्र चौधरी, बीईओ बीएस राजपूत, पंचायत निरीक्षक राजेश पाराशर, पूर्व प्राचार्य विनय कुमार दवे, बीएसी एमएल अहिरवार, एसडीओ पीडब्ल्यडी पाठक, परियोजना अधिकारी शिवराय, डाइट से आरके विश्वकर्मा, एमएलबी प्राचार्य व प्रकाश खटीक, कृषि विभाग से एमपी सिरवैया, पीएन खेमरिया सतेन्द्र सिंह राजपूत डां.सीएल नेमा, पंडित बृजेश दुबे, सुनील राय, रत्नेश खटीक, चन्द्रभान पटैल, जनपद सदस्य गंगाराम पटैल, जन अभियान परिषद ब्लॉक समन्वयक पुष्पा सिंह, सुधा सेन के अलावा अन्य लोगो की बैठक में उपस्थिति रही।

## अयोध्या प्राण प्रतिष्ठा के दिन बनवार खेर माता मंदिर विराजमान होगे रामलला

### 6 दिन तक चलेंगे भव्य धार्मिक अनुष्ठान, तैयारियां जोरो पर



**बनवार।** अयोध्या में भगवान श्री राम लला की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर जहां पूरे देश में उत्साह उमंग का माहोल है तो गांव गांव इस ऐतिहासिक दिन को यादगार बनाने के लिए विविध धार्मिक आयोजन को लेकर तैयारियां जोरों पर है जहां सैकड़ों वर्षो के संघर्ष प्रतीक्षा के बाद 22जनवरी अयोध्या श्री राम जन्म भूमि भगवान श्री रामलला की बाल विग्रह प्रतिमा की नवनिर्मित मंदिर के गर्भ गृह प्राण प्रतिष्ठा होने जा रही है वही दमोह जिले के बनवार ग्राम नव में 22 जनवरी विशेष मुहूर्त में प्राचीन खेरमाता मंदिर परिसर के नवनिर्मित राम दरबार में भगवान श्रीराम की प्रतिमा प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव मनाया जाएगा। जिसकी तैयारियां जोरो से चल रही है। प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव आचार्य रमेश प्रसाद पांडेय जी के परम सानिध्य में 6 दिनों तक चलेगा। आयोजक कमेठी के अनुसार 18 जनवरी को कलश यात्रा एवं मंडप प्रवेश,19 जनवरी को देवताओं का आव्हान अग्निप्रवेश जलाधिवास,20 जनवरी को पुष्पाधिबास अन्नाधिबास,21 जनवरी को बृहदस्नान एवं नगर रथ यात्रा के साथ 22 जनवरी को उस समय जब अयोध्या धाम में रामलला गर्भग्रह में विराजमान होगे,ठीक उसी मुहूर्त में खेरमाता मंदिर के राम दरबार में भी प्राण प्रतिष्ठा की जाएगी। इसके बाद सुंदरकांड भजन संध्या एवं आखिरी में 23 जनवरी को हवन पूर्णाहुति एवं विशाल भंडारा का आयोजन किया जाएगा। इस महोत्सव की तैयारियां बनवार में जोरो से की जा रहे,महोत्सव में हजारों लोग शामिल होंगे अयोध्या धाम की तर्ज पर बनवार में श्री रामलला की प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव का साक्षी ग्राम सहित पूरा क्षेत्र बनेगा।

## सीएम हेल्पलाईन शिकायत निवारण तीन दिवसीय शिविर 11 जनवरी से

**दमोह।** सी.एम. हेल्पलाईन (181) पोर्टल पर जिले के राजस्व विभाग की लंबित शिकायतों के निराकरण हेतु तहसील स्तर पर सी.एम. हेल्पलाईन शिकायत निवारण शिविरों का आयोजन 11, 12 एवं 13 जनवरी 2024 को प्रातः 10 बजे से तहसील दमोह, दमयंतीनगर, पटेरा, हटा, बटियागढ़, पथरिया, तेंदूखेड़ा एवं तहसील जबेरा के तहसील कार्यालय परिसर में किया जायेगा। अपर कलेक्टर मीना मसराम ने तहसील स्तर पर आयोजित होने वाले शिविरों के लिए प्रभारी अधिकारी नियुक्त किये है। उन्होंने तहसील दमोह एवं दमयंतीनगर के लिए अनुविभागीय अधिकारी राजस्व दमोह आर.एल. बागरी, पटेरा के लिए डिप्टी कलेक्टर दमोह महेन्द्र गुप्ता, हटा के लिए अनुविभागीय अधिकारी राजस्व हटा रीता डहेरिया, बटियागढ़ के लिए संयुक्त कलेक्टर दमोह अविनाश रावत, पथरिया के लिए अनुविभागीय अधिकारी राजस्व पथरिया निकेत चौरसिया, तेंदूखेड़ा के लिए अनुविभागीय अधिकारी राजस्व तेंदूखेड़ा ब्रजेश कुमार सिंह तथा तहसील जबेरा के लिए संयुक्त कलेक्टर दमोह पियुष भट्ट को प्रभारी अधिकारी नियुक्त किया है। अपर कलेक्टर मीना मसराम ने आदेश जारी कर संबंधित अधिकारियों से कहा है जिले के प्रत्येक तहसील कार्यालय में राजस्व विभाग की सीएम हेल्पलाईन दिसम्बर 2023 तक की लंबित शिकायतों के निराकरण हेतु शिविर आयोजित किये जायें। इन शिविरों में राजस्व और सामान्य प्रशासन विभाग की दिसम्बर माह तक की समस्त लंबित शिकायतों के संबंधित शिकायतकर्ताओं को बुलाया जाए। शिविरों में तहसील कार्यालय का समस्त स्टाफ, अनुविभागीय अधिकारी, तहसीलदार, नायब तहसीलदार, राजस्व निरीक्षक एवं पटवारी की उपस्थिति अनिवार्य रूप से सुनिश्चित की जाये। इन तीन दिवसीय शिविर में अधिक से अधिक सीएम हेल्पलाईन शिकायतों का निराकरण कराया जाए। लोक सेवा प्रबंधक चक्रेश पटेल ने इस संबंध में बताया शिविर लगातार तीन दिनों तक चलेंगे। तहसील एवं एसडीएम कार्यालय से संबंधित शिकायतकर्त्ता तहसील के कैम्पों में आकर समस्याओं का निराकरण करवा सकेंगे।

## संकल्प यात्रा का आयोजन



**सगोनी।** विकसित भारत संकल्प यात्रा पटेरा ब्लॉक के ग्राम पटेरिया, गाडाघाट मे यात्रा पहुंची जिसमें भाजापा के प्रतिनिधि कार्यकर्ता रवि पटैल, मुलाम राय, रामसागर तिवारी, किशन एंव अधिकारी और कर्मचारीयों की मौजूदगी रही। शासन की समस्त योजनाओं के विभागो के अधिकारियो द्वारा हितग्राहियों को विभिन्न प्रकार की जानकारियां दी । ग्राम के लोगो को विकसित भारत संकल्प यात्रा के उद्देश्य के बारे में बताया साथ ही अधिकारियों द्वारा अपने-अपने विभागों की कल्याणकारी योजना के बारे में विस्तारपूर्वक बताया। कार्यक्रम मे जनपद पंचायत पटेरा, कृषि विभाग, राजस्व विभाग, वन विभाग, स्वास्थ विभाग, महिला बाल विकास, जल निगम, उधानिकी विभाग, उज्जवला योजना, शिक्षा विभाग, विद्युत विभाग, मध्यांचल ग्रामीण बैंक कुम्हारी, भारतीय स्टेट बैंक देवडोगरा, जन जातीय कार्य विभाग सरपंच सुंमत्रा-हजारी यादव गाडाघाट, लक्ष्मीरानी पटेरिया, सचिव दुर्गा दुबे, वीरन चक्रवर्ती, कैलाश लोधी, बसंत पांडे बी.एस. अजवानी, विजय यादव समस्त ग्रामीणों की उपस्थिति रही।

## भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा जिला कार्यसमिति बैठक सम्पन्न

**दमोह।** प्रदेश के निर्देशानुसार भाजपा कार्यलय जिला दमोह में भाजपा अल्पसंख्यक मोर्च की कार्यसमिति की बैठक का आयोजन किया गया जिसमें बैठक के सुरवात में भाजपा अल्प संख्यक मोर्च जिलाअध्यक्ष एड. साजिद रिजवी ने पार्टी की रीति नीति एवं अपने कार्यो को गिनाते हुए भाजपा अ.मो. की जिला कार्यकारिणी कम समय में बनाते हुए जिले के प्रथम बार 22 मंडलो पर अल्प संख्यक के अध्यक्ष नियुक्त कर कार्यसमिति की बैठक में उपस्थित दर्ज कराई जिसमें भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष बैठक के मुख्य अतिथि एड. प्रीतम सिंह लोधी ने पार्टी की योजनाओं अल्पसंख्यक वर्गो में भारतीय जनता पार्टी ने योजनाओं से लाभांवित किया है और साथ ही अपनी बात पूर्ण करते हुए मोवाइल पर मोदी एप लोड कराया गया। कार्यक्रम के अध्यक्ष भाजपा के जिला महामंत्री एवं भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला प्रभारी गोपाल पटेल ने बात रखी कार्यक्रम के जिला प्रभारी अल्पसंख्यक मोर्चा प्रदेश कार्य समिति सदस्य रसीद सिद्धिकी एवं युवा मोर्चा सदस्य उजमा नाज ने भी अपनी बात रखी। कार्यसमिति की बैठक में भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता अनवर उस्ताद, जिला महामंत्री संजीव पाल, उपाध्यक्ष अमजद खान, उपाध्यक्ष डां. कयूम बेग, बसीम खान, जिला मत्री काजी शाहिद अली, मीडिया प्रभारी सरताज खान, सह मीडिया प्रभारी शैलेन्द्र जैन एवं कोषाध्यक्ष सलमान खान एवं कमरूद् दीन खान, टिन्कू जुनेजा बैठक के अन्त में समस्त लोगों की भोजन की व्यवस्था की गई कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री सद्दाम खान ने किया इस कार्यक्रम में समस्त पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## अधूरा छोड़ा नाली निर्माण कार्य, गंदगी से ग्रामीण परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बनवार



जनपद पंचायत जबेरा के ग्राम पंचायत डूमर के ग्राम बड़गुंवा मे नाली निर्माण कार्य को अधूरा छोड़ा देने से। गंदगी का आलम है। नाली-निर्माण नहीं होने से आम रास्ते में नलों एवं घरों से निकलने वाला गंदा पानी जमा हो रहा है।और गंदगी से ग्रामीण परेशान है।पंचायत की लापरवाही से ग्रामीणों में रोष की स्थिति है। गंदगी आम रास्ते में फैलने से ग्रामीणों को निकलने में तो परेशानी है। साथ ही मच्छरों का प्रकोप भी दिन-ब-दिन बढ़ता जा रहा है। जिससे बीमारियां फैलने का संकट बना हुआ है दो वर्ष से पंचायत ने नाली निर्माण अधूरा पड़ा है। और चौक पड़ी नालियों की सफाई भी नही करवाई गई । बता दे कि दो साल से नाली निर्माण कार्य अधूरा पड़ा हुआ है। सरपंच सचिव की मनमानी के चलते पिछले दो साल से अब तक पंचायत ने गांव में नाली निर्माण कार्य पूरा नहीं कराया। नालिया खुली पड़ी है। जिससे दुर्घटना का आदेश भी बना रहता है । ग्रामीणों का आरोप है कि पंचायत गांव में नालियों की सफाई भी नहीं करवा रही है। जिसकी शिकायत दिलीप सिंह ठाकुर माधव सिंह ठाकुर स्थानीय ग्रामीणों के द्वारा जनपद कार्यालय से लेकर जनसुनवाई में की गई है बावजूद इसके ग्राम पंचायत के द्वारा नाली निर्माण कार्य पूरा नहीं किया जा रहा है। गांव में स्वच्छ भारत मिशन अभियान की धज्जियां उड़ रही है। गांव में सफाई रखने का आह्वान किया। लेकिन डूमर ग्राम पंचायत के गांव बडगुवा में सफाई नहीं होने से गांव में गंदगी पसरी हुई है।

## जैन मंदिर से प्रतिमा सहित चांदी के छत्र, दानपेटी ले गये चोर

# चोरों के हौसले बुलंद, पुलिस थाने के समीप जैन मंदिर में चोरी की वारदात

### सीसीटीवी में कैद वारदात, जैन समाज में आक्रोश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेजगढ

जिले के तेजगढ़ थाना से चंद कदम की दूरी पर जैन मंदिर के ताले तोड़कर श्रीजी की प्रतिमा सहित चांदी के छत्र चँवर पांडुक शिला चढ़ोत्तरी से भरी गुल्लक चोरी कर लिए जाने की घटना से जिले भर की थाना से चंद कदम की दूरी पर जैन समाज में आक्रोश बना हुआ है। बुधवार सुबह तेजगढ़ के जैन मंदिर में चोरी की घटना की जानकारी लगते ही जिले भर की जैन समाज में आक्रोश का माहौल बनते देर नही लगी। बताया जा रहा है कि देर रात कड़ाके की ठंड में जब लोग अपने घरों में दुबके हुए थे ऐसे में चोरी की पहले से प्लानिंग कर चुके चोरों ने तेजगढ़ के सुपार्श्वनाथ नेमिनाथ जैन मंदिर मैं ताले कटर से तोड़कर मंदिर में प्रवेश किया। तथा सोने की प्रतिमा समझ कर श्री जी की नित्य अभिषेक वाली प्रतिमा को चुरा कर ले गए। चोरी गई सामग्री की कीमत करीब कीमत ढाई लाख रुपए बताई जा रही है। चोरी की रिपीट के अनुसार सुपार्श्वनाथ से दो किलो 500ग्राम की पांडुक शीला चांदी की, डेढ़ किलो तीन थालियां, चांदी के चार छात्र वजन करीब 300 ग्राम पीतल के 10 छात्र वजन करीब 1 किलो चांदी के चार छोटे कलश 200 ग्राम भगवान पार्श्वनाथ की छोटी प्रतिमा पीतल की, नेमीनाथ मंदिर की दान पेटी, नगदी चढ़ावे सहित ढाई लाख की चोरी हुई है। सुबह जब पुजारी मंदिर पहुंचा और ताले टूटे देखे तो उसने समाज के लोगों को सूचना दी और इसके बाद तेजगढ़ थाना पुलिस को सूचना दी गई। इसके बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू करते हुए आसपास की सीसीटीवी फुटेज आदि के आधार पर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। चोरी के समूचे घटना क्रम से सकल जैन समाज में आक्रोश का माहौल है जल्दी यदि आरोपी नहीं पकड़े जाते और श्रीजी की प्रतिमा सहित सामग्री बरामद नहीं होती है तो जिलेभर की जैन समाज अपने प्रतिष्ठान बंद रखें ज्ञापन सौंप कर विरोध प्रदर्शन दर्ज कर सकती है।





एसडीओपी तेंदूखेड़ा डी एस राजपूत ने भी जैन मंदिरों मे पहुंच कर सीसीटीवी फुटेज को खंगालते हुए चोरों की खोज में जांच पड़ताल शुरू कर दी है। एडिशनल एसपी संदीप के निर्देशन एवं एसडीओपी डी एस राजपूत के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी धर्मेंद्र उपाध्याय पुलिस स्टाफ के द्वारा चोरों की पताशाजी के लिए दविश दी जा रही सीसीटीवी फुटेज के आधार पर चोरों की पहचान एवं संदिग्धों तक पहुंचाने के लिए प्रयास किया जा रहे हैं। क्षेत्र के अपराधिक गतिविधियों से जुड़े लोगों की खबर लेते हुए जांच पड़ताल की जा रही है।

#### सीसीटीवी में कैद वारदात

सीसीटीवी कैमरे में तीन चोर दिखाई दे रहे है। चोर चेहरे को मफलर इत्यादि से छुपाए हुए थे जिससे मंदिर समिति सदस्यों ने आशंका जताई है कि चोरी की घटना को अंजाम देने वाले अज्ञात चोरों मंदिरों की भली भांति जानकारी रखने वाले युवक हो सकते है क्योंकि एक दूसरे सटे दोनो मंदिरों में ताले कटर से काटकर चोरी की बारदात को अंजाम दिया है। तीसरा मंदिर छोड़ दिया है जहां पर चोरी का कोई प्रयास तक नहीं किया गए। अशंका है कि पहले से मंदिरों रैकी कर रहे थे।

## खबर संक्षेप

### साईं बाबा मंदिर में संगीतमय कथा 12 से

**दमोह।** नगर के बेलाताल टापू साईं बाबा मंदिर में संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा का भव्य आयोजन 12 जनवरी से 18 जनवरी कथा व्यास पंडित कमलेश्वर आनंद जी महाराज के मुखारबिंद से किया जा रहा हैं। 19 जनवरी को हवन पूजन के साथ भंडारे का आयोजन किया गया है। कथा श्रोता पं श्री सुदामा प्रसाद दुबे , महेश दुबे नायब तहसीलदार, अविनाश,आखिलेश, डॉ आकाश दुबे परिवार ने सभी नगर वासियों से कथा श्रवण का आग्रह किया है।

### 22 जनवरी तक मतदाता सूची में अपना नाम जुड़वा लें- कलेक्टर

**दमोह।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी मयंक अग्रवाल ने जिले के समस्त नागरिकों खासकर युवाओं से अपील है कि जिनका नाम मतदाता सूची में नहीं जुड़ा हैं और वे 1 जनवरी 2024 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके हैं, वह सभी 22 जनवरी तक ऑनलाइन या ऑफलाइन के माध्यम से आवेदन कर मतदाता सूची में अनिवार्य रूप से नाम जुड़वा लें। उन्होंने कहा है मतदाता सूची के पुनरीक्षण का कार्य चल रहा है, जिसके अंतर्गत 22 जनवरी तक मतदाता सूची में नाम जोड़ने हटाने, संशोधन कराने से संबंधित आवेदन लिए जाएंगे। इसके साथ ही 25 जनवरी राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाया जाएगा।

### एक अपराधी पर की जिला बदर की कार्यवाही

**दमोह।** जिला मजिस्ट्रेट मयंक अग्रवाल ने आपराधिक गतिविधियों पर तत्काल प्रभाव से नियंत्रण करने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक सुनील तिवारी के प्रतिवेदन पर म.प्र. राज्य सुरक्षा अधिनियम के तहत 01 अपराधी पर जिला बदर की कार्यवाही की है। जिला मजिस्ट्रेट द्वारा जारी आदेशानुसार अनावेदक आरिफ ऊर्फ लाल टमाटर पिता अल्ताफ खान निवासी वार्ड नं.02 पथरिया को दमोह जिले की भौगोलिक सीमाओं से आगामी 03 माह अर्थात 90 दिवस की कालावधि के लिये निष्कासित (जिला बदर) कर दिया है तथा आदेशित किया है कि अनावेदक आदेश की प्राप्ति से 24 घंटे के अंदर दमोह जिला तथा उससे लगे सागर, नरसिंहपुर, जबलपुर, कटनी, पन्ना, छतरपुर की सीमाओं से बाहर चले जायें एवं अपने आचरण में सुधार करें।.र

### सशस्त्र बल बेटरन्स दिवस 14 जनवरी को

**दमोह।** दमोह जिले के समस्त पूर्व सैनिकों, उनकी विधवाओं एवं वीर नारियों को जिला सैनिक कल्याण कार्यालय जिला कटनी एवं दमोह द्वारा सूचित किया गया है कि 14 जनवरी 2024 को प्रातः 11 बजे कल्याण संयोजक (ए.एस.एफ.) दमोह उत्तम लाल गुप्ता द्वारा सशस्त्र बल बेटरन्स दिवस का आयोजन किया जायेगा। जिला सैनिक कल्याण अधिकारी (से.नि.) कर्नल डॉ. शास्त्री प्रसाद त्रिपाठी ने आग्रह करते हुए कहा है कि अधिक से अधिक संख्या में सशस्त्र बल बेटरन्स दिवस में शामिल होवें। इससे संबंधित जानकारी के लिये कल्याण संयोजक (ए.एस.एफ.) उत्तम लाल गुप्ता से संपर्क किया जा सकता है।

## मुख्यमंत्री से मिले मंत्रीद्वय व विधायकगण



**हरिभूमि, दमोह।** प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव से आज भोपाल में प्रदेश के संस्कृति, पर्यटन, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व राज्यमंत्री धर्मेन्द्र सिंह लोधी एवं पशुपालन तथा डेयरी विभाग राज्यमंत्री लखन पटेल, पूर्व मंत्री एवं दमोह विधायक जयंत कुमार मलैया, हटा विधायक उमादेवी खटीक ने सौजन्य भेंट की। इस दौरान उन्होंने मुख्यमंत्री डॉ यादव से क्षेत्र के विकास कार्यों एवं निर्माण कार्यों सहित अन्य विषयों पर से विस्तार से चर्चा की।

## समय-सीमा बैठक सम्पन्न, अहम दिशा-निर्देश

**दमोह।** कलेक्टर मयंक अग्रवाल ने कहा गठित समिति लगातार धान खरीदी केन्द्रों का निरीक्षण करें। खरीदी केन्द्रों के लिये एसडीएम ओर तहसीलदार की समिति गठित की गई हैं। इस आशय के निर्देश श्री अग्रवाल ने समय-सीमा बैठक में दिए। उन्होंने कहा राजस्व अधिकारी नियमित रूप से पीडीएस दूकानों का भी निरीक्षण करें। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत अर्पित वर्मा तथा एडिशनल कलेक्टर मीना मसराम विशेष रूप से मौजूद रही। कलेक्टर ने कहा सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों को तहसील स्तर पर शिविर लगाकर निराकरण कराया जाये। उन्होंने विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान ग्राम नोनपानी में राशन सम्बंधी शिकायत आने पर जांच के निर्देश सम्बंधित अधिकारी को दिए। इस अवसर पर महिला बाल विकास, पीएचई, राजस्व विभाग सहित अन्य विभागों की समीक्षा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गयें। इस मौके पर एस.डी.एम. सहित अन्य जिलाधिकारी मौजूद रहे।

## उमंग कार्यक्रम के लिये प्राचार्यों को दिया प्रशिक्षण



**दमोह।** आयुष्मान भारत कार्यक्रम के तहत उमंग हेल्थ एवं वेलनेस कार्यक्रम के संचालन हेतु हाईस्कूल एवं हायर सेकेण्ड्री स्कूलो के प्राचार्यो को गैर संचारी रोगों के संबंध में मास्टर ट्रेनर द्वारा प्रशिक्षित किया गया। प्रशिक्षण के दौरान मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सरोजनी जेम्स बेक ने सेहत को बेहतर बनाये रखने के लिये जीवन शैली में दैनिक व्यायाम एवं संतुलित आहार को अपनाने तथा नशीले पदार्थो से परहेज रखने के संबंध में विचार साझा किये। प्रशिक्षण दौरान सी.एच.ओ. डॉ. ज्योत्सना जैन एवं नीतू रोहित द्वारा प्रशिक्षण में उपस्थित प्राचार्यो की बी.पी. एवं डायविटीज से संबंधित जांचे की गई।

## मोदी की गारंटी की गाड़ी पहुंच रही गांव गांव



**बनवार।** विकसित भारत संकल्प यात्रा आज जंप जबेरा की ग्राम पंचायत बिजोरा कटंगी पहुंची लाभार्थियों को योजनाओं का लाभ दिलाते हुएं जनपद सीईओ डॉक्टर रामेश्वर पटेल मौजूद अधिकारियों ने विकसित कार्यक्रम के तहत शपथ दिलाते हुए केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी कार्यक्रम में मौजूद हितग्राहियों को दी कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा के वरिष्ठ नेता भाव सिंह लोधी ने कहा समाज में अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक सरकार खुद पहुंच रही है. यात्रा का सबसे बड़ा मकसद है कि कोई भी हकदार सरकारी योजना के लाभ से छूटना नहीं चाहिए. अधिकारी कर्मचारियों को इस बात का विशेष ध्यान रखना चाहिए उन्होंने कहा मोदी जी की गारंटी वाली विकसित भारत संकल्प यात्रा सिर्फ सरकार की नहीं बल्कि देश की यात्रा बन चुकी है. सपनों, संकल्पों और भरोसे की यात्रा बन चुकी है।

## हिनोताकला ग्राम में शासकीय भूमि से हटाया अतिक्रमण

**दमोह।** शासकीय भूमि पर अवैध अतिक्रमण के खिलाफ प्रशासन की कार्यवाहियां जारी है। नायब तहसीलदार हटा शिवराम चढ़ार के मार्गदर्शन में राजस्व अमले ने हिनौता कला गांव में तलैया मुहल्ले में शासकीय भूमि पर फैले अतिक्रमण को जेसीबी मशीन से हटाकर भूमि को कब्जा मुक्त किया। इसी प्रकार शासकीय स्कूल निमरमुंडा की भूमि पर अवैध अतिक्रमण के विरुद्ध कार्यवाही कर भूमि का सीमांकन किया गया। अतिक्रमण कार्यों को शासकीय भूमि पर अतिक्रमण नहीं करने के निर्देश दिए गए। इस दौरान गैसाबाद, मड़ियादो पुलिस बल और राजस्व अमला मौजूद रहा।



## शीत लहर के दौरान खास ख्याल रखने की सलाह

**दमोह।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सरोजिनी जेम्स बेक ने आमजनों से शीत लहर के दौरान अपने स्वयं, बुजुर्गा एवं बच्चों की सेहत का खास-ख्याल रखने का आग्रह करते हुए जरूरी ऐहतियात बरतने के संबंध में एडवाईजरी जारी की है। उन्होने कहा कि बीमारियों से बचाव के लिए रोग से लड़ने की ताकत को बनाये रखने के लिए स्वच्छता के साथ खान-पान का विशेष ख्याल रखें। गर्म तरल पेय पदार्थ जैसे दूध, सूप पीते रहे। आईसक्रीम, कोल्डड्रिंक का सेवन न करें। शीत लहर दौरान जहां तक संभव हो सके बुजुर्ग एवं बच्चों को बाहर ना निकलने दें। यात्रा करने से बचे। शरीर का तापमान बनाये रखने के लिए सिर, गर्दन, हाथ और पैर पूर्ण रूप से ढँक कर रखें। सी.एम.एच.ओ. डॉ. बेक ने कहा कि बुजुर्गो का शरीर शीघ्र ठण्डा हो जाता है। शरीर का तापमान 35 डिग्री सेटी ग्रेट या कम हो जाने से उनको गंभीर स्वास्थ्य समस्या हो सकती है। ठण्ड मे बाहर रहने पर अथवा ठण्डे कमरे में रहने से हाईपोथर्मिया हो सकता है। कांपने को नजरअंदाज न करें। शरीर को सूखा रखें। यदि कपड़े गीले हो जाएँ तो उन्हें तुरंत बदलें। शरीर का तापमान बनाये रखने के लिए सिर, गर्दन, हाथ और पैर पूर्ण रूप से ढँकें। शीत लहर के दौरान एक से ज्यादा गर्म कपडे पहने। आपातकालीन स्थिति में 108 नं. पर फोन करें। सतर्क रहें सुरक्षित रहें।

## लायंस क्लब की अभिनव पहल, स्वेटर पाकर आनंदित हुई छात्रायें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

विश्व हिन्दी दिवस के अवसर पर 10 जनवरी 2024 को लायंस क्लब एवं लायंस क्लब दमयंती के सौजन्य से शासकीय कन्या हाई स्कूल अभाना में दो सौ छात्राओं को निःशुल्क स्वेटर वितरण का भव्य एवं गरिमामय कार्यक्रम आयोजित किया गया। भीषण ठंड में लायंस क्लब परिवार दमोह द्वारा स्वेटर पाकर छात्राओं के चेहरे खुशी से चमक उठे। विद्यालय की छात्राओं के सर्वांगीण विकास हेतु जिले के राष्ट्रपति पुरूस्कार प्राप्त प्राचार्य डॉ. आलोक सोनवलकर द्वारा कठिन परिश्रम करने के परिणाम सामने आ रहे हैं। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन एवं सरस्वती वंदना से किया गया। कन्या हाई स्कूल अभाना की छात्राओं ने समूह गीत ''हम सब भारतीय'' की सुंदर प्रस्तुति दी। लायंस क्लब दमोह की ओर से अध्यक्ष लायन सुधीर असाटी, दमयंती क्लब अध्यक्ष लायन राजीव बुधवानी एवं लायन राजेन्द्र अग्रवाल ने कार्यक्रम को संबोधित किया और शाला में किये जा रहे बहुआयामी नवाचार की सराहना की। कार्यक्रम में लायंस क्लब की ओर से निषांत चौरसिया, दिलीप जैन, सनमीत सिंह जुनेजा, अरूण गुजराती, कविष ताम्रकार, अक्षय नामदेव, नीलमणि तिवारी, राजीव शुक्ला, प्रगति अवस्थी, मेघा गुप्ता नीलम यादव, सी. खरे, बृजेन्द्र सिंह, सतीष त्रिपाठी सहित बड़ी संख्या में छात्राओं एवं विद्यालय स्टॉफ की उपस्थिति रही। कार्यक्रम का सफल संचालन सुषील श्रीवास्तव ने किया। राष्ट्रगान के द्वारा कार्यक्रम का समापन किया गया। सभी छात्राओं ने ईमानदारी से पढ़ाई में कठोर परिश्रम करने का अनूठा संकल्प भी लिया।



# सिविल अस्पताल परिसर में अतिक्रमण कर खोली जा रही दुकानें, जिम्मेदार बने अनजान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा

इन दिनो नगर के चारो ओर भीड़-भाड़ वाले इलाके में अतिक्रमण करनें की होड़ लोगो में लगी हुई है जिसमें सबसे ज्यादा शासकीय भूमि पर लोगो का अतिक्रमण सामने नजर आनें के बाद भी जिम्मेदार विभाग अनजान बना बैठा है जिसमें कुछ मामले विगत समय सामने आने के बाद कार्यवाही के नाम पर कुछ भी नहीं हुआ जिसके चलते अब लोग सरकारी कार्यालयों परिसर में भी अपनी मनमर्जी से बेशकीमती जगह देखकर उस पर अतिक्रमण करने का मौका नहीं चूक रहे है और उसी के चलते नगर के मुख्य मार्गो से लेकर चारो ओर सड़क किनारे बेधड़क अतिक्रमण दिनो दिन बढ़ता नजर आ रहा है। ऐसा ही नजारा इन दिनों सिविल अस्पताल के परिसर में मुख्य सड़क के किनारे टीन शेडो सहित गुमटियों की भरमार बढ़ती जा रही है और लोग उसमें अपनी दुकाने संचालित कर कब्जा जमाने की कोशिश में लगे हुए है। वही राजस्व अमला जब कभी भी अतिक्रमण हटानें की मुहिम नगर में छेड़ता है तो वह सिर्फ एक दिखावा ही रह जाता है जो आगे चलकर परेशानी का सबब बन सकता है और इसी प्रकार से यदि अतिक्रमण को बढ़ावा मिलता रहेगा तो कुछ दिनो में नगर में जितनी भी मुख्य मार्ग की शासकीय भूमि रिकार्ड में देखी जा रही है वह विलुप्त की कगार पर पहुंच जाएगी सिर्फ नाम के लिए ही रिकार्ड पर देखी जाएगी कि और बताया जाएगा कि यह खसरा नंबर पर इतनी शासकीय भूमि थी जिस पर अतिक्रमण हो चुका है। जब संबंध में सीबीएमओ डॉक्टर अमन श्रीवास्तव से बात की तो उनका कहना था कि अस्पताल परिसर के अंदर बाहर किए जा रहे अतिक्रमण की जानकारी है जिसकी शिकायत तहसील कार्यालय में की जाएगी एवं जल्द ही परिसर से अतिक्रमण कर बन रही दुकानों को हटवाया जाएगा।



## अध्यापक शिक्षक संगठन ने मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा



**दमोह।** अधिकारी कर्मचारी संयुक्त मोर्चा एवं अध्यापक शिक्षक संगठन के पदाधिकारी ने शिक्षकों से 10:30 बजे शाला पहुंचकर शिक्षक उपस्थित की व्हाट्सएप पर फोटो डालने की प्रक्रिया को बंद करने, अध्यापक संवर्ग के कर्मचारियों को नवीन संवर्ग में नियुक्ति करने, सांत्वे वेतनमान की चौथी किस्त का भुगतान करने, चार प्रतिशत महंगाई भत्ते के एरियर्स राशि का भुगतान नव नियुक्त शिक्षकों और उच्च पद प्रभार शिक्षकों को विगत 3 माह से लंबित वेतन भुगतान करने, एम्पलाई कोड बनाने में धांधली और राशि वसूल करने की शिकायत भी की क्रमन्नति एवं समयमान वेतनमान के आदेश जारी करने आदि मांगों को लेकर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत दमोह श्रीमान अर्पित वर्मा जी को ज्ञापन सौंपकर चर्चा की। चर्चा करने के दौरान आरिफ अंजुम, सत्यनारायण तिवारी, प्रेम सिंह ठाकुर, सुरेंद्र राय, देवेंद्र ठाकुर, खिलान सिंह, धर्मेंद्र यादव, पवन खरे, मनोज जैन, नवनीत स्वामी, अफजल खान, राजीव विश्वकर्मा, मोहन ठाकुर, विजय सिंह लोधी, कैलाश असाटी आदि मौजूद रहे।

## बिजली कटौती से छात्रों की पढ़ाई हो रही प्रभावित

**गैसाबाद।** बिजली कटौती के चलते जहां एक और छात्रों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है वहीं दूसरी ओर बिजली नहीं मिलने से लोगों के घर के बोर नहीं चल पा रहे हैं जिससे पानी की परेशानी हो रही है। वहीं बिजली कटौती से दुकानदारों की बिक्री पर भी फर्क पड़ रहा है। छात्र वेद श्रीवास्तव कान्हा गुप्ता संग्राम जैन आदि के अनुसार बिजली कटौती से छात्रों की पढ़ाई नहीं हो पा रही है। जबकि वार्षिक परीक्षा नजदीक है। इलेक्ट्रिकल्स मोटर मैकेनिक दादा भाई परिहार ने बताया कि बिजली प्राप्त नहीं होने से हमारे व्यापार पर गहरा असर पड़ रहा है। हम इलेक्ट्रॉनिक्स काम नहीं कर पा रहे हैं। गौरतलब है कि ग्राम की विद्युत सब स्टेशन में कोई भी जिम्मेदार कर्मचारी की नियुक्ति नहीं होने से कार्य सुचारू रूप से नहीं हो पा रहा है। ग्राम का विद्युत सब स्टेशन भगवान भरोसे चल रहा है गैसावाद ग्राम से लगभग 25 गांव की बिजली व्यवस्था चलती है। लेकिन इतनी बड़ी लाइन में विद्युत मंडल द्वारा सिर्फ एक ही लाइनमैन नियुक्त किया गया है। जो अकेले इतनी बड़ी जिम्मेदारी निभा रहा है। लाइनमैन पाल मिस्त्री दिन रात मेहनत करके विद्युत व्यवस्था सुचारू रूप से चलाने हेतु प्रयास करते हैं लेकिन इतना बड़ा क्षेत्र होने से एक अकेला मिस्त्री हर जगह उपस्थित नहीं हो सकता। जिससे विद्युत कार्य प्रभावित होते हैं। ग्राम के वर्तमान हालात यह है कि ग्राम की दो विद्युत डीपी करीबन 15 दिनों से खराब पड़ी हुई है। जिससे ग्राम की विद्युत सप्लाई सुचारू रूप से नहीं चल पा रही है। आधे गांव में बिजली रहती है और आधे गांव में अंधेरा छाया रहता है ग्रामीण जनों ने ग्राम की विद्युत डीपी का सुधार किए जाने की मांग की है।